दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 अंक 57 सीकर, शुक्रवार 24 अप्रेल 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# लोकतंत्र का महापर्व : प. बंगाल और तमिलनाडु में बंपर वोटिंग

## ईवीएम में बंद हुई दिग्गजों की किस्मत



नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में पहले चरण और तमिलनाडु चुनाव के लिए मतदान आज संपन्न हो गया है। चुनावी राज्यों के नतीजे 4 मई को आएंगे। गुरुवार शाम 5 बजे तक मतदान में उल्लेखनीय उछाल आया। चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 89.93% मतदान दर्ज किया गया, जो तमिलनाडु से काफी आगे था, जहां मतदान प्रतिशत 82.24% रहा। बाद के आंकड़ों से पता चलता है कि मतदान समाप्त होने के साथ ही दोनों राज्यों में मतदाताओं की भारी भागीदारी रही। पश्चिम बंगाल एक बार फिर अग्रणी राज्य बनकर उभरा, जहां कई जिलों में 90% का आंकड़ा पार हो गया।

दक्षिण दिनाजपुर में 93.12% मतदान के साथ राज्य में सबसे अधिक मतदान हुआ, इसके बाद कूच बिहार में 92.07%, बीरभूम में 91.55%, मुर्शिदाबाद में 91.36% और जलपाईगुड़ी में 91.20% मतदान हुआ। झाड़ग्राम (90.53%) और पश्चिम मेदिनीपुर (90.70%) में भी 90% से अधिक मतदान हुआ, जबकि बांकुरा में 89.91% और मालदा में 89.56% मतदान दर्ज किया गया। दार्जिलिंग में तुलनात्मक रूप से कम मतदान होने के बावजूद, 86.49% का मजबूत मतदान दर्ज किया गया। ये आंकड़े सभी जिलों में भारी मतदान को दर्शाते हैं, जो पश्चिम बंगाल की उच्च चुनावी भागीदारी की निरंतर प्रवृत्ति को और मजबूत करते हैं।

तमिलनाडु में भी दिन बढ़ने के साथ मतदान में तेज़ी आई, कई ज़िलों में मतदान 80% के करीब या उससे भी अधिक रहा। करूर में सबसे अधिक 89.32% मतदान हुआ, उसके बाद सलेम में 88.02%, इरोड में 87.59%, धर्मपुरी में 87.28% और तिरुप्पुर में 86.33% मतदान हुआ। अरियालुर में 83.09%, तिरुचिरापल्ली में 82.76% और चेन्नई में 81.34% मतदान हुआ, जो शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में मजबूत भागीदारी दर्शाता है। वहीं, मदुरै (77.89%) और थूथुकुडी (77.56%) में अपेक्षाकृत कम लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण मतदान हुआ।

इस बीच, उपचुनावों में भी शाम 5 बजे तक मतदान में तेज़ी आई। गुजरात में उमरेठ निर्वाचन क्षेत्र में 54.43% मतदान दर्ज किया गया। महाराष्ट्र में राहुरी में 50.68% मतदान हुआ, जबकि बारामती में इससे थोड़ा अधिक 52.44% मतदान दर्ज किया गया।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, दोपहर 3 बजे तक पश्चिम बंगाल में 78.77% और तमिलनाडु में 70.00% मतदान हुआ था। दोपहर 1 बजे तक पश्चिम बंगाल में 56.81% मतदान हुआ, जबकि तमिलनाडु में यह 62.18% था, जो शुरुआती दौर में मजबूत भागीदारी का संकेत देता है।

## मिर्जापुर में हादसा-11 की मौत, बोलेरो में 9 जिंदा जले

### बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था परिवार, कोई नहीं बचा; शवों को पहचानना मुश्किल



मिर्जापुर।

यूपी के मिर्जापुर में बुधवार रात सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इसमें बोलेरो सवार 9 लोग जिंदा जल गए। हादसा रात 9.30 बजे मिर्जापुर-रीवा नेशनल हाईवे पर हुआ।

पुलिस के मुताबिक, एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्रक ने आगे चल रही बोलेरो और स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियां आगे चल रहे एक ट्रॉले से जा टकरा गईं।

रफ्तार तेज होने की वजह से टक्कर के बाद बोलेरो उछलकर अलग हो गई। तेज धमाके के साथ उसमें आग लग गई। जबकि, स्विफ्ट कार ट्रक और ट्राले के बीच में फंस गई।

आग इतनी भीषण थी कि बोलेरो सवार 9 लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इसमें एक ही परिवार के 8 लोग और एक ड्राइवर था। करीब ढाई घंटे तक बोलेरो धू-धू कर जलती रही। मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए आए, लेकिन आग तेज होने की वजह से कोई पास नहीं जा पाया। लोग अंदर ही फंसे रहे। बाद में पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। शव इतनी बुरी तरह से जल गए थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। परिवार मैहर से 8 साल के बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था। इसके अलावा स्विफ्ट कार के ड्राइवर और ट्रॉले के क्लीनर की भी मौत हो गई।

## भीषण गर्मी के चलते कोटा में स्कूलों का टाइम बदला

### जैसलमेर-झुंझुनूं में मनरेगा का समय बदला; जयपुर में अगले 1-2 दिन में और बढ़ेगा पारा

**जयपुर।** राजस्थान में पारा 44 डिग्री के करीब पहुंच गया है। बढ़ती गर्मी के कारण जयपुर के बाद कोटा में स्कूलों का टाइम बदल गया है। झुंझुनूं और जैसलमेर में महात्मा गांधी नरेगा योजना (मनरेगा) के समय में बदलाव किया गया है। अब मजदूर सुबह 6 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक ही काम करेंगे। इस 7 घंटे की शिफ्ट में कोई रेस्ट पीरियड (विश्राम काल) नहीं होगा।

यदि कोई श्रमिक समूह समय से पहले अपना काम पूरा कर लेगा तो वह जल्दी घर जा सकेगा। उधर, श्रीगंगानगर में दो दिन बाद हल्की बारिश की संभावना है। जयपुर में बीते 24 घंटे के दौरान दिन का तापमान 2 डिग्री तक बढ़ गया है।

## पीएम मोदी ने ममता सरकार पर साधा निशाना, बोले

# झालमुड़ी मैंने खाई, 'झाल' टीएमसी को लगी

नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में गुरुवार को एक ओर जहां पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान जारी है, वहीं दूसरे चरण की 142 सीटों के लिए चुनाव प्रचार भी पूरी तेजी पर है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृष्णानगर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर जमकर निशाना साधा।



### झालमुड़ी मैंने खाई है लेकिन झाल टीएमसी को लगी

अपने भाषण में पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा, झालमुड़ी मैंने खाई है लेकिन झाल (मिर्ची) टीएमसी को लगी है। उन्होंने कहा कि 4 मई को बंगाल में भाजपा-एनडीए की जीत का जश्न मनाया जाएगा, मिठाई बांटी जाएगी और झालमुड़ी भी बांटी जाएगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान हो रहा है और तमिलनाडु में भी मतदान जारी है। उन्होंने सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि इस बार मतदान के नए रिकॉर्ड बनें और लोकतंत्र के इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाए।

### पीएम मोदी ने चुनाव आयोग की सराहना की

उन्होंने दावा किया कि पिछले 50 वर्षों में यह पहला चुनाव है, जिसमें हिंसा सबसे कम हुई है। उन्होंने कहा कि पहले हर हफ्ते हिंसा की घटनाएं होती थीं और उन्हें आत्महत्या का नाम दे दिया जाता था। उन्होंने चुनाव आयोग की सराहना करते हुए कहा कि आयोग ने एक बार फिर बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की प्रतिष्ठा स्थापित की है और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया है। साथ ही, उन्होंने सरकारी कर्मचारियों की भी तारीफ की, जो इस बार जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### मतदान पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब तक की जानकारी के अनुसार मतदान पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है। कृष्णानगर में भय पर भरोसे की जीत का माहौल दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भय खत्म हो रहा है और भरोसा आगे बढ़ रहा है। जिन लोगों की आवाज सालों से दबाई गई थी, वे अब खुलकर बोल रहे हैं। गांव-गांव, गली-गली, महिलाएं-पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी बदलाव की बात कर रहे हैं।

### जनता टीएमसी के कथित 'जंगलराज' के खिलाफ

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि 15 साल पहले जनता ने वामपंथ के खिलाफ आवाज उठाई थी और अब वही जनता तृणमूल कांग्रेस के कथित 'जंगलराज' के खिलाफ खड़ी है। यह चुनाव न मोदी लड़ रहा है और न ही भाजपा के कार्यकर्ता बल्कि यह चुनाव बंगाल की जनता खुद लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां ज्यादा मतदान हुआ है, वहां भाजपा को मजबूत समर्थन मिला है, जैसा कि पुडुचेरी और असम में देखा गया। उन्होंने विश्वास जताया कि बंगाल में भी भाजपा की जीत तय है।

### राज्य कई फैक्ट्रियां बंद हो गईं और जूट मिलें भी बंद

टीएमसी सरकार पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी ने 10 लाख एमएसएमई और हजारों उद्योग लगाने का वादा किया था लेकिन हकीकत में कई फैक्ट्रियां बंद हो गईं और जूट मिलें भी बंद पड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों को लेकर भी समस्याएं बनी हुई हैं और यहां तक कि एम्स कल्याणी के निर्माण में भी बाधाएं डाली गईं लेकिन भाजपा ने उसे पूरा कराया।

### पीएम मोदी ने मातुआ और नामशूद्र समुदाय के लोगों को भरोसा दिलाया

उन्होंने कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को बढ़ावा देती है और उन्हें संरक्षण देती है जबकि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम करती है। 4 मई के बाद पश्चिम बंगाल में सुशासन की नई शुरुआत होगी। उन्होंने मातुआ और नामशूद्र समुदाय के लोगों को भरोसा दिलाया कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। कोई भी आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। साथ ही उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद नागरिकता देने की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा।

### टीएमसी ने महिलाओं को आरक्षण देने वाले अधिनियम को पास नहीं होने दिया

उन्होंने कहा कि बंगाल का हर वर्ग (किसान, सरकारी कर्मचारी, डॉक्टर, वकील, शिक्षक, दुकानदार, रिक्शा और टैक्सी चालक) सभी भयमुक्त वातावरण और बेहतर व्यवस्था के लिए वोट कर रहे हैं। पुलिस भी अब गुंडों के दबाव से मुक्त होकर जनता की सेवा के लिए वोट डालने वालों की मदद कर रही है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने वाले अधिनियम को टीएमसी ने पास नहीं होने दिया।

## इंडिया-अफ्रीका समिट से पहले लोगो लॉन्च

### विदेश मंत्री ने कहा-अफ्रीका के विकास के बिना हमारा विकास अधूरा

नई दिल्ली



भारत, अफ्रीकन यूनियन कमीशन के साथ मिलकर 31 मई 2026 को नई दिल्ली में चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट की मेजबानी करने जा रहा है। समिट से पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 23 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में चौथे आईएएफएस का लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च की।

चौथे आईएएफएस में पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के नेता, अफ्रीकन यूनियन कमीशन और क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे ताकि भारत-अफ्रीका की पक्की साझेदारी को मजबूत किया जा सके और अलग-अलग क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जा सके।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह समिट आईए स्प्रिट: इंडिया अफ्रीका स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फॉर इनोवेशन, रेजिलिएंस, एंड इनक्लूसिव ट्रांसफॉर्मेशन थीम के तहत होगी, जो भारत और अफ्रीका के बीच साझेदारी के बड़े नेचर को दिखाती है। समिट से पहले, तैयारी के लिए कई मीटिंग होंगी, जिसमें 29 मई 2026 को भारत-अफ्रीका विदेश मंत्रियों की बैठक शामिल है। इसके पहले 28 मई को सीनियर अधिकारियों की मीटिंग होगी, जिसमें भारत और अफ्रीका के बीच सहयोग के खास क्षेत्र पर बातचीत होगी।

भारत-अफ्रीका फोरम समिट, अफ्रीकी देशों और एयू कमीशन के साथ बातचीत को बढ़ावा देने और आपसी सम्मान, बराबरी, एकजुटता और मिली-जुली खुशहाली के सिद्धांतों के आधार पर आपसी फायदे वाले सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक जरूरी प्लेटफॉर्म है। भारत-अफ्रीका फोरम समिट के पिछले एडिशन में अफ्रीका के लिए भारतीय डेवलपमेंट मदद और कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में बड़ा विस्तार हुआ था।

## वसुंधरा के फर्जी-लेटर मामले में 4 आरोपी पुलिस रिमांड पर

### एआई से बनाया था वीडियो, डीसीपी बोले- लेटर किसने लिखा, यह जांच का विषय

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नाम से फर्जी लेटर और एआई से बनाए वीडियो के मामले में 4 आरोपियों को जयपुर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मोहाली (पंजाब) की रहने वाली अमृता धुमाल को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया, जबकि भोपाल के रहने वाले आरोपी निखिल, बिलाल खान और इनाम अहमद को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। ज्योति नगर थाना पुलिस आरोपियों से मामले में पूछताछ करेगी। आरोपियों से एआई वीडियो बनाने से लेकर फेक लेटर उपलब्ध करवाने वाले सोर्स के बारे में पूछताछ की जाएगी। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया- कथित वीडियो का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसके आधार पर इन सभी को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, वसुंधरा राजे का लेटर किसने सोशल मीडिया पर वायरल किया और किसने उसको तैयार किया, यह जांच का विषय है। पुलिस के अनुसार, उनके पास केवल वायरल वीडियो का मामला दर्ज है, जिससे जांच का दायरा सीमित हो गया है।

## कोबरी-सार




# सीएम बोले-बैलों से खेती करने पर 30 हजार अनुदान

## कहा : किसान हारी जंग लड़ता है, हमारी सरकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है

जयपुर/ दिल्ली।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- हमारा किसान हारी हुई जंग लड़ता है। नुकसान हो जाए, कुछ भी हो जाए, लेकिन अगली बार उसे फसल बोनी ही है, वो हार नहीं मानता। देश का व्यापार जगत राजस्थान की कृषि क्षमता पर विश्वास करता है। राजस्थान सरकार किसानों और निवेशकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026 रोड शो में मुख्यमंत्री ने कहा- बैलों से खेती करने वाले किसानों को 30 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, जिससे कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल सके और छोटी जोत वाले किसान ठीक प्रकार से पैदावार कर सकें। हम किसान सम्मान निधि भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई हैं, जिनमें 6500 करोड़ रुपए का क्लेम सेटल किया गया है। हमने 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली देना शुरू कर दिया है और 2027 तक सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली देना शुरू कर देंगे। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को 23 से 25 मई तक जयपुर में होने वाले ग्रामटेक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

### पशु बीमार हो जाता है तो किसान उससे पहले बीमार हो जाता है

**सीएम ने आगे कहा- हमने 94,000 गोपालकों को 709 करोड़ रुपये दिए हैं। हम पशुओं का 10 लाख का बीमा कर रहे हैं। मंगला पशु बीमा योजना के तहत 9 लाख पशुपालकों ने 20 लाख से अधिक पशुओं का पंजीकरण करवाया है। पशु की कीमत बहुत हो गई है। किसान को कोई समस्या आ जाती है तो सरकार की सहभागिता उसमें रहे, जिससे कि हमारा किसान मजबूती के साथ खड़ा रहे।**



# अपना घर आश्रम नोखा में मानवता सेवा का अनुपम उदाहरण, 2800 किलो गेहूं भेंट

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में आज मानवता सेवाए सहयोग और समर्पण की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। श्री चतुरदास महाराज सेवा समिति, बुटाटी धाम के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह द्वारा आश्रम में 2800 किलो कनक गेहूं सेवा स्वरूप भेंट कर समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया गया। यह सेवा कार्य न केवल आश्रम के लिए सहायक सिद्ध होगा बल्कि यह समाज में मानवता, करुणा और सहयोग की भावना को भी सशक्त करने का कार्य करेगा। इस प्रकार के योगदान से आश्रम में निवासरत प्रभुजनों की भोजन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और उन्हें बेहतर देखभाल उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर अपना घर आश्रम नोखा के सचिव सतीश झंवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है। जब समाज के सक्षम लोग आगे आकर इस प्रकार सहयोग करते हैं, तो इससे जरूरतमंदों के जीवन में आशा की नई किरण जागती है। यह सहयोग केवल अनाज का नहीं, बल्कि संवेदनाओं और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी सेवाभावी सज्जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज को एक नई दिशा देते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र पारख अपनी धर्मपत्नी पूजा पारख, सरला पारख, किशोर पारख एवं जेपी कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर जगदीश लेघा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए बुटाटी धाम एवं देवेंद्र सिंह का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। अपना घर आश्रम परिवार ने कहा कि इस प्रकार की सेवाएं समाज में परोपकार और सहयोग की भावना को बढ़ावा देती हैं। भविष्य में भी ऐसे सेवाभावी कार्यों से समाज के अन्य लोग प्रेरित होंगे और मानवता सेवा का यह कारवां निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।



# युवक ने जहर खाकर सुसाइड किया

## क्रिकेट बुकी, पैसों को लेकर दी थी धमकी

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा कस्बे के सिंजगुरू गांव में एक युवक ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। मृतक के परिजनों ने स्कॉर्पियो गाड़ी में आए कुछ लोगों पर क्रिकेट बुकी के पैसों के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कॉर्पियो में आए थे 3-4 लोग

नोखा थाने में मृतक मालाराम 45 के पिता शंकर लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर लाल ने बताया कि उनका बेटा मालाराम भट्टड़ स्कूल के पास सोने-चांदी का काम करता था। लगभग एक सप्ताह पहले दोपहर 2 बजे एक स्कॉर्पियो गाड़ी में तीन-चार लोग उनके घर आए। उनमें से एक व्यक्ति ने घर में घुसकर मालाराम के बारे में पूछा। मालाराम उस व्यक्ति के साथ घर के बाहर आया, तो अन्य लोग उसे थोड़ी दूर ले गए। उन्होंने मालाराम से कहा कि उसे क्रिकेट बुकी के बकाया पैसे देने होंगे, अन्यथा प्रतिदिन 10 हजार रुपए की पेनल्टी लगेगी।

इसके बाद वे लोग चले गए। इस घटना के बाद मालाराम गुमसुम रहने लगा और मानसिक अवसाद में आ गया। 22 अप्रैल को वही स्कॉर्पियो गाड़ी फिर उनके घर आई। उस समय मालाराम घर पर नहीं था। गाड़ी सवार व्यक्ति ने घर की महिलाओं से मालाराम के बारे में पूछा और कहा कि वे उसे बुला लेंगे। पिता शंकर लाल ने जब मालाराम को फोन किया तो उसका फोन बंद आ रहा था।

### खेत में बेहोशी की हालत में मिला

बुधवार दोपहर करीब 1 बजे शंकर लाल के दूसरे बेटे रामलाल ने उन्हें फोन कर खेत में बुलाया। शंकर लाल अपने पोते सुनील और भतीजे मनोज के साथ खेत पहुंचेए जहां मालाराम सोनी बेहोशी की हालत में पड़ा था। पास ही जहर की बोतल भी मिली। उन्हें तुरंत नोखा के बागड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बीकानेर रेफर कर दिया गया। बीकानेर में इलाज के दौरान मालाराम की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता शंकर लाल की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# बातों में उलझाकर गहने पार करने वाली दिल्ली गैंग का शातिर ठग गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महिलाओं को झांसे में लेकर उसके कीमती जेवरात ठगने वाली एक शातिर गैंग के एक मुख्य सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है, जिसने जयपुर के कई इलाकों में ठगी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महिलाओं को झांसे में लेकर उसके कीमती जेवरात ठगने वाली एक शातिर गैंग के एक मुख्य सदस्य सद्दाम 25 निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि यह गैंग भीड़भाड़ वाले इलाकों में अकेली महिलाओं को निशाना बनाती थी और उन्हें अपनी बातों में फंसाकर झांसा देती थी।

थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि 12 अप्रैल को सांगानेर थाने में दर्ज एक रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त हरि शंकर शर्मा के सुपरविजन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और हुलिये के आधार पर संदिग्धों की पहचान दिल्ली के बदमाशों के रूप में हुई।

पुलिस टीम ने दिल्ली में दबिश देकर आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार किया गया। आरोपित ने प्रारंभिक पूछताछ में एसएमएसएमालवीय नगर और लाल कोठी थाना इलाके में भी वारदातें करना कबूल किया है। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ के बाद जयपुर दक्षिण जिले की भी कई वारदातों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर है और उसके अन्य साथियों की तलाश में पुलिस टीमें दिल्ली में छापेमारी कर रही हैं। इस सफल कार्रवाई में सांगानेर थानाधिकारी लिखमाराम के साथ हेड कांस्टेबल रामप्रकाश, कांस्टेबल दीपक और तकनीकी शाखा से गौरव की विशेष भूमिका रही। इस खुलासे में डीएसटी पूर्व टीम का महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग रहा।

# नवजात भ्रूण मिलने से मचा हड़कंप

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चौमूं थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई, जहां वीर हनुमान रोड स्थित एक पुलिया के पास नवजात शिशु का भ्रूण मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और इस अमानवीय कृत्य को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। थानाधिकारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि सुबह राहगीरों ने पुलिया के पास कुछ श्वानों को एक संदिग्ध वस्तु नोचते हुए देखा। पास जाकर देखने पर वह नवजात का भ्रूण निकला। यह दृश्य देखकर लोग स्तब्ध रह गए और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही चौमूं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए भ्रूण को कब्जे में लिया। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाकर मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस संदिग्धों तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फूटेज खंगाल रही है।

साथ ही क्षेत्र के सरकारी व निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम से संपर्क कर हाल के दिनों में हुए प्रसव और गर्भपात के मामलों का रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# पशुओं को लू से बचाने के लिए उठाए जरूरी कदम : पशुपालन मंत्री

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने प्राकृतिक परिवर्तनों के प्रभाव से पशुधन को स्वस्थ रखने हेतु प्रदेश के पशुपालकों से सचेत और जागरूक रहने की अपील की है तथा पशुपालन विभाग को भी पशुओं के रखरखाव पोषण एवं स्वास्थ्य रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। आगामी महीनों में तापमान बढ़ने के साथ लू और तापघात के कारण पशुधन के स्वास्थ्य और उत्पादन क्षमता पर असर पड़ सकता है। गर्मी के कारण पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होने से विभिन्न संक्रामक रोग की संभावना भी रहती है। खासकर दुधा : पशुओं के दुग्ध उत्पादन पर गर्मी का बहुत असर पड़ता है। अधिक गर्मी के कारण दुधा: पशु अक्सर जल्दी बीमार पड़ते हैं और दूध देना कम कर देते हैं। इसके कारण पशुपालकों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। पशुपालन मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा पशुओं की देख भाल को लेकर समय समय पर निर्देश जारी किए जाते हैं पशुपालक उन निर्देशों का पालन करें। जरूरत पड़ने पर अपने नजदीक के पशु चिकित्सालय या उप केंद्र में संपर्क करें। प्रमुख शासन सचिव पशुपालन, गोपालन तथा मत्स्य श्री विकास सीतारामजी भाले ने भी सभी जिला पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अपने क्षेत्रों में पशुधन के लू और तापघात से बचाव के लिए विशेष प्रयास करें, पशुपालकों को जागरूक करें और सभी उपयोगी जानकारियों को विभिन्न प्रचार माध्यमों से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पशुपालकों की जागरूकता तथा समय पर उठाए गए कदम पशुधन को लू से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रमुख शासन सचिव ने निराश्रित पशुओं के लिए पशु आश्रय स्थलों, चारागाहों और रास्ते में उपयुक्त स्थानों पर जलकुंडों और पक्षियों के लिए जन सहभागिता से सभी उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों और घरों में परिंडे लगाने के लिए आमजन और स्वयंसेवी संगठनों को प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं जिससे पशु पक्षियों को पर्याप्त स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि स्थापित किए गए जल कुंडों एवं परिंडों में नियमित रूप से जलभराव सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, गौशालाओं, सामाजिक संगठनों एवं जन सहयोग को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि इन व्यवस्थाओं का सतत संचालन बना रहे। उपशुपालकों से भी अपील की गई है कि वे गर्मी के मौसम में अपने पशुओं का विशेष ध्यान रखें। उन्हें छायादार स्थानों पर बांधकर रखें और दिन के अत्यधिक गर्म समय में बाहर न निकालें। पशुओं को दिन में कम से कम चार बार ठंढे, शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। भारवाहक पशुओं को यथासंभव प्रात: एवम् सायंकाल में काम में लेने तथा दोपहर के समय इन्हें आराम देने की भी सलाह दी गई है।

# नोखा बाईपास पर सड़क हादसा, चार घायल

## लापरवाही से पिकअप चलाने वाले ड्राइवर पर मुकदमा दर्ज

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा बाईपास पर हुए एक सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना नोखा बाईपास पर हिंयादेसर फांटा के पास 21 अप्रैल 2026 को हुई, जब एक पिकअप वाहन ने लापरवाही से चलाते हुए एक कार को टक्कर मार दी। घायलों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में नोखा थाने में पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

अलाय निवासी ओमप्रकाश सुथार ने नोखा थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वे 21 अप्रैल 2026 को अलाय से बीकानेर में एक शादी कार्यक्रम में जा रहे थे। नोखा बाईपास हिंयादेसर फांटा के पास पहुंचने पर एक पिकअप वाहन के चालक ने अपनी गाड़ी को लापरवाही और गफलत से चलाते हुए उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से कार में सवार अलाय निवासी पेकरराम सुथार, पूजा पत्नी बाबूलाल, शिवांश पुत्र बाबूलाल और गोमती पत्नी पोकरराम को गंभीर चोटें आईं। ओमप्रकाश ने तुरंत अपने साथ चल रही दूसरी गाड़ी में सवार लोगों को फोन किया। मोहनराम, गणपत और हडमानराम माल सभी अलाय निवासी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तुरंत बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ले गए, जहां उन्हें भर्ती कराया गया। ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि उन्होंने उसी समय नोखा पुलिस को घटना की सूचना दे दी थी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। अस्पताल में घायलों के इलाज में व्यस्त होने के कारण, उन्हें मुकदमा दर्ज करवाने में कुछ देरी हुई।

# दुर्घटना में 6 लोगों को आई चोटें




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** हनुमानगढ़ किशनगढ़ मेगा हाईवे स्थित गनोडा चैराहा पर स्कूल गाड़ी और इको की टक्कर मे कुल 6 लोगों को चोटें लगी। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार को मिली सूचना पर एम्बुलेंस चालक भरत मौके पर पहुंचे तथा घायलों को एम्बुलेंस और निजी गाड़ी से सुजानगढ़ अस्पताल लाकर इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। घायलों में डूंगरमल नलिया बास जिया-छापर, निखिल चाडवास, शिवम, रौनक, नंदिनी, कृतिका निवासीगण छापर के नाम शामिल हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस सुजानगढ़ भी मौके और अस्पताल पहुंची। डूंगरमल को हायर सेंटर रैफर किया गया है।

# पीजी के बहाने बिल्डिंग किराये पर लेकर कब्जा करने वाली गैंग का मुख्य गुर्गा गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर थाना इलाके में पीजी और हॉस्टल के नाम पर बेश-कीमती बिल्डिंगें किराए पर लेकर उन्हें हड़पने वाली एक शातिर गैंग के मुख्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। जो फर्जी दस्तावेजों और कोर्ट स्टे की आड़ में मकान मालिकों को चपत लगा रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना इलाके में पीजी और हॉस्टल के नाम पर बेशकीमती बिल्डिंगें किराये पर लेकर उन्हें हड़पने वाली एक शातिर



गैंग के मुख्य सदस्य कृष्ण कुमार स्वामी 41 निवासी कोटपूतली-बहरोड़ हाल मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी इस गिरोह में गवाह बनकर फर्जी दस्तावेजों को असली दिखाने का काम करता था। जांच में सामने आया है कि इस गैंग के खिलाफ मानसरोवर, महेश नगर और शिप्रापथ थानों में कई मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया कि यह गैंग बेहद शातिर तरीके से काम करती है। गैंग के सदस्य पहले किसी मकान मालिक से पीजी चलाने के लिए बिल्डिंग किराए पर लेते हैं। इसके बाद गिरोह का ही एक सदस्य खुद को फर्जी मालिकाना हक वाला बताकर किसी तीसरे व्यक्ति के साथ कूटरचित फर्जी किरायानामा तैयार करवा कर मकान मालिक को किराया देना बंद कर देते हैं और खाली करने के लिए कहने पर धमकियां देते हैं।

वहीं मामला कोर्ट में ले जाकर स्टे ले आते हैं और उसी की आड़ में न तो किराया देते हैं और न ही कब्जा छोड़ते हैं। इस बड़ी कार्रवाई में थानाधिकारी लखन सिंह खटाना के साथ उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल दामोदर और कांस्टेबल विजयपाल व संदीप की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी अन्य मकान मालिक के साथ भी इस तरह का धोखा हुआ है तो वे तुरंत संबंधित पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। किराये पर प्रॉपर्टी देते समय किरायेदार का पूर्ण पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं।

# वॉईसेज बिहाईंड द वेल का हुआ विमोचन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय जी.एच.एस. महाविद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी साहित्य की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्चना रांकावत की प्रथम कृति- वॉईसेज बिहाईंड द वेल का विमोचन आज विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। यह पुस्तक उन उन अनकहे एवं अनसुने पहलुओं को उजागर करती है, जो प्राय: पर्दे के पीछे छिपे रह जाते हैं। इस पुस्तक में नारी संवेदना, सामाजिक यथार्थ तथा आंतरिक द्वंद्व का अत्यंत प्रभावशाली, संवेदनशील एवं मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया है। समारोह की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय



की प्राचार्य विनीता चैधरी ने डॉ. रांकावत के इस महत्वपूर्ण साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक न केवल अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में एक सशक्त हस्तक्षेप है, बल्कि समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर बी.एस. बैरवा ने डॉ. रांकावत के अथक परिश्रम, समर्पण एवं संवेदनशील विषय को पुस्तक के रूप में प्रस्तुत करने के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। एस.आर. बालान ने मानव जीवन में पुस्तकों के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. अर्चना रांकावत ने इस पुस्तक की प्रेरणा, लेखन यात्रा एवं अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि यह कृति उनके व्यक्तिगत अनुभवों, सामाजिक अवलोकनों एवं संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। संचालन डी. आर जानू द्वारा किया गया।

# कारों के शीशे तोड़ कीमती सामान और लैपटॉप पार करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के वीआईपी इलाकों में खड़ी कारों के शीशे तोड़कर कीमती सामान और लैपटॉप पार करने वाली एक संगठित गैंग का जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के दो लैपटॉप और चार्जर बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खड़ी कारों के शीशे तोड़कर कीमती सामान और लैपटॉप पार करने वाले शातिर बदमाश आरोपी राजकुमार 37 को गिरफ्तार किया है। जो मूल रूप से टोंक के पीपलू का रहने वाला है और वर्तमान में सांगानेर टोल टैक्स में रह रहा था। पूछताछ में सामने आया है कि गैंग के अन्य साथी विकास और उसके सहयोगी दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस स्कूटी नंबरों के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। थानाधिकारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि गैंग के दो सदस्य पैदल चलकर कारों की रेकी करते थे। जबकि एक साथी कुछ दूरी पर टू-व्हीलर लेकर खड़ा रहता था। जहां एक सदस्य राहगीरों पर नजर रखता और दूसरा पलक झपकते ही कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप निकाल लेता था। वहीं चोरी के बाद पैदल चलने वाला सदस्य आगे खड़े टू-व्हीलर सवार साथी को सामान सौंप देता और वे तुरंत मौके से फरार हो जाते थे। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर शहर में हुई अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटा रही है। इस त्वरित खुलासे में थानाधिकारी आशुतोष सिंह के साथ हेड कांस्टेबल प्रभुदयाल, इन्द्र सिंह, राजेश कुमार और कांस्टेबल मुकेश व हरिओम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अलोक सिंघल ने बताया कि जिले में कारों के शीशे तोड़कर चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए विशेष निर्देश जारी किए गए थे। जहां जवाहर सर्किल थाना इलाके में स्थित बदमाशों ने गौरव टावर के पास डी-ब्लॉक और गिरधर मार्ग मालवीय नगर में एक ही दिन में लैपटॉप चोरी की दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए तकनीकी अनुसंधान शुरू करते हुए आरोपित को चिन्हित करते हुए धर-दबोचा।

# आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषदए सुजानगढ़ एवं सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। डॉ. साधना प्रधान जोशी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुभाष पारीक, विशिष्ट अतिथि अरविंद मिश्र एवं मुख्य




वक्ता वासुदेव चाकलान रतनगढ, प्राचार्या डॉ. साधना सिंह, निर्देशिका डॉ. वंदना भटनागर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कर रही शिक्षाविद स्नेहप्रभा मिश्रा ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता वासुदेव चाकलान ने कहा कि आत्मबोध एक आत्मविचार होना चाहिए। राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति को आत्म बोध को स्मृति में लाने के लिए काम करना चाहिए। जब मौन गहराता है।

तभी मनुष्य यह समझ पाता है कि यह चेतना है। मैं, तुम की सीमाएं जब टूटती हैं, तो विश्वबोध का आरंभ होता है। जिला पाठक प्रमुख अरविंद मिश्र ने बताया कि भारत एक आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है, यह चेतना आत्म बोध है और यह जब सर्वोच्च स्तर तक पहुंचती है तो हम विश्व बोध तक जाते हैं। मुख्य अतिथि सुभाष पारीक ने कहा कि संगठन हमारे आत्मबोध को जागृति प्रदान करते हैं और नवोदित प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्रदान करते है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ साधना प्रधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम तत्वबोध, आत्मबोध और फिर विश्वबोध तक जाएं तभी सफल होकर जीवन के अंतिम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अनेकता में एकता के ध्येय ने हमको आत्मबोध से विश्वबोध तक पहुंचाया है। कार्यक्रम में मदन गुर्जर सरल की महकते मुक्तक एवं मेरी मनभावन गजलें पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। धन्यवाद ज्ञापन निदेशक डॉ. वंदना भटनागर द्वारा किया गया। मंचस्थ अतिथियों का सम्मान डॉ. जय श्री सेठिया, डॉ मेघना सोनी, मोनिका शर्मा, कृष्णा पारीक, मीना पारीक, मंजुला चाकलान, परमानंद मिश्र एवं भंवरलाल गिलान ने किया। दो छात्राओं को उक्त विषय पर शानदार प्रस्तुतीकरण हेतु 500-500 रु की पुरस्कार राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# 27 अप्रैल को दिया जायेगा ज्ञापन

## भारत में गौ हत्या निषेध कानून लागू हो व गौमाता राष्ट्रमाता घोषित हो

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** भारतीय संस्कृति में जिस गाय को माँ की संज्ञा दी गई है उसका ऐसा हश्र कभी नहीं हुआ। सनातन धर्म में गौ माता में 33 कोटी देवी देवताओं का निवास माना गया है लेकिन वर्तमान में राज्यों व देश के अधिकांस क्षेत्रों में गौ हत्या हो रही है। हमारे देश की धरोहर एवं सम्पूर्ण प्रकति का पोषण करने वाली गौ माता को कोई सम्मान नहीं मिल रहा है। राजस्थान हाई कोर्ट के बाद हैदराबाद हाई कोर्ट द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने व गौ वध करने वालों को आजीवन कारावास की सजा की सिफारिश के बावजूद व वर्षों से गौ हत्या निषेध कानून बनाने और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की जाती रही है लेकिन बहरी गूंगी राज्य सरकार और केंद्र सरकार कुंभ करणी नींद सो रही है। गहरी नींद में सो रही सरकार को जगाने के लिए अब राज्य व देश के साधू संतों सहित आम जन को सड़को पर उतरने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। पूरे भारत में संतों के सानिध्य में गौ सम्मान अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे जुलुस के रूप में भारत की सभी तहसीलों में महामहिम राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, महामाहिम राज्यपालो और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सबंधित तहसीलदार और उपखण्ड अधिकारी को को दिया जायेगा। इसके बावजूद सुनवाई नहीं होने पर द्वितिय चरण चरण में 3 माह बाद 27 जुलाई 2026 को सबंधित जिला कलक्टर के माध्यम से ज्ञापन उपरोक्तानुसार भिजवाया जायगा। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर भूख हड़ताल अथवा अन्नशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ेगा। आमजन से 27 अप्रैल को अधिकाधिक संख्या में पधारने का आग्रह किया गया।

# महिला अत्याचार व हथियार तस्करी का आरोपी राज उर्फराहुल गुर्जर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में जवाहर सर्किल थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी पूर्व की संयुक्त कार्रवाई में सोशल मीडिया पर चर्चित महिला अत्याचार प्रकरण के मुख्य आरोपी राहुल घुरैया उर्फ राज उर्फ राहुल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पर गंभीर आपराधिक वारदातों के साथ-साथ अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त होने के आरोप हैं। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि 12 अप्रैल 2026 को सोशल मीडिया के जरिए सामने आए महिला अत्याचार के मामले में पीड़िता ने जवाहर सर्किल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि 25 मार्च को आरोपी ने उसके साथ गंभीर वारदात की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि राहुल गुर्जर आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ मध्यप्रदेश में हत्या के प्रयास, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के कुल 33 प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी जयपुर में भी अवैध हथियारों की सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद की है, जिसके संबंध में सांगानेर थाने में अलग से मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को पनाह देने वाले उसके दो सहयोगियों बाबूलाल बराला और शुभम अग्रवाल उर्फसिद्धार्थ को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जयपुर के प्रताप नगर, मानसरोवर और सांगानेर क्षेत्रों में पहचान बदलकर फरारी काट रहा था। वह पूर्व में वेश्यावृत्ति के धंधे में भी लिप्त रहा है। हाल ही में उसने प्रताप नगर इलाके में कुछ लोगों को अवैध हथियार सप्लाई किए थे, जिन्हें पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक श्याम प्रकाश, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, बनवारी तथा कांस्टेबल लोकेन्द्र, मनोज, शांति, मुकेश, हरिओम और आशीष कटारा की अहम भूमिका रही। वहीं डीएसटी टीम से उपनिरीक्षक बन्ना लाल और उनकी टीम ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# शातिर स्कूटी चोर गैंग का पर्दाफाश : चार चोरी की स्कूटी सहित दो बदमाश गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन स्कूटी चोरी करने वाली एक शातिर स्कूटी चोर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए गैंग के मुख्य सरगना सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार स्कूटी बरामद की हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन स्कूटी चोरी करने वाली एक शातिर स्कूटी चोर गैंग के शातिर बदमाश लक्की गुलराजानी 20 और विश्वजीत बर्मन उर्फ बाबू 27 को गिरफ्तार किया गया है और दोनो ही मानसरोवर इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई चार स्कूटी बरामद की हैं। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने मानसरोवर इलाके में चोरी की कई अन्य वारदातों को अंजाम देना भी कबूल किया है। पुलिस अब इन बदमाशों से उनके पूरे नेटवर्क और चोरी के वाहनों को ठिकाने लगाने के तरीकों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी लखन सिंह खटाना के साथ सहायक उप निरीक्षक जयसिंह, साइबर सेल के हेड कांस्टेबल लोकेश और कांस्टेबल रामलाल व विनोद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गौ माता को राष्ट्र माता बनाए जाने के सनातन धर्म प्रेमियों की बैठक संपन्न

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** गौ माता को राष्ट्र माता बनाए जाने के सनातन धर्म प्रेमियों बैठक धर्म जागरण संस्थान की प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई । संस्थान के प्रदेश मंत्री मुकेश कुमार ने बताया संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन कर शुरू की गई । धर्म जागरण संस्थान के कार्यों के बारे बताया ओर आने वाली 27 अप्रैल को गौ माता को राष्ट्र माता बनाए जाने के लिए सभी सनातन धर्म प्रेमियों से 9 बजे गौशाला पहुंचने का आग्रह किया। इसी के साथ संस्थान के महामंत्री डॉ. माधव सिंह भामु के द्वारा नव नियुक्तियां दी गई । मुकेश कुमार सैनी को संस्थान का खंडेला तहसील अध्यक्ष बनाया गया, देवेंद्र देवंदा जानकीपूरा ग्राम अध्यक्ष, मनीष सेन को निमेड़ा ग्राम अध्यक्ष, बनवारी लाल को ज्ञानपुरा अध्यक्ष, मनोज कुमावत को प्रदेश कार्यालय प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# गर्मी के मौसम में जलसेवा पुण्य का कार्य : तहसीलदार

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा भीषण ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए शीतल पेय जल सेवा प्रकल्प के तहत क्लब अध्यक्ष निर्मल भूतोडिया एवं सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा की प्रेरणा द्वारा द्वितीय चरण में नगर के चार स्थानों पर निःशुल्क पेयजल सेवा आज शुरू की गई। तहसील कार्यालय के समक्ष मुख्य अतिथि तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक ने इस पुनीत मुहिम का उद्घाटन किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने बताया कि राहगीरों एवं आम जनता के लिए शीतल जल उपलब्ध करवाना पुण्य का कार्य है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था व्यक्तिगत स्तर पर करने का आह्वान किया। भामाशाह व चिकित्सक डॉ. सरोज छाबड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्लब संस्थापक अध्यक्ष दानमल भोजक ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज चार जल पॉइंट में तहसील कार्यालय के सामने मोहिनी देवी छाबड़ा की स्मृति में उनके पुत्र डॉ सरोज छाबड़ा के सौजन्य सेए देवसागर सिंघी जैन मंदिर ट्रस्ट के द्वारा सिंघी मंदिर के पीछे मनु देवी सुराणा की स्मृति में झंकार नवरत्नमल सुराणा ट्रस्ट, कोलकाता के सहयोग से, पंचायत समिति के सामने कौशल्या प्रकाशचंद्र गुलेरिया के सौजन्य से ठरड़ा के शिवालय पर उक्त पेय जल व्यवस्था शुरू की गई है। इस अवसर पर अति प्रशासनिक अधिकारी ओमप्रकाश बंजारा, हेमराज नाहटा, अभिलाष छाबड़ा, स्नेहप्रभा मिश्रा, कौशल्या गुलेरिया, हाजी मोहम्मद, योगेंद्र भोजक, अमित शर्मा, अंकित चोटिया, प्रतीक चोटिया, काशिफा, हरिओम, संदीप पारीक, रूपचंद स्वामी आदि मौजूद रहे। सभी ने क्लब के इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की।

# श्री कृष्ण गोशाला के बालाजी मंदिर का जीर्णोद्वार, मूर्ति स्थापना एवं अनुष्ठान का आयोजन

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ परिसर स्थित बालाजी मंदिर जीर्णोद्वार गौसेवक जगदीश प्रसाद सैनी के द्वारा करने के बाद गुरुवार को काला कोटा धाम संत बलदेव दास महाराज के सानिध्य में विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार करके विधिवत मूर्तियों की स्थापना करवाई। इस दौरान दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का हवन के बाद पूर्णाहुति की गई। इस मौके पर संत बलदेवदास महाराज ने भक्तों को आशीर्वचन के दौरान कहा कि धार्मिक कार्यों में योगदान देना पुण्य का कर्म है, उन्होंने भक्तों से ईश्वरीय भक्ति का मार्ग आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा संचार के लिए उपयुक्त बताते हुए इसे नियमित जीवन में उतारने का संदेश दिया। इससे पूर्व बुधवार सुबह बालाजी मंदिर में रामायण पाठ शुरू किए गए, गुरुवार सुबह 12:15 बजे विधिवत समापन के बाद संत बलदेव दास महाराज के सानिध्य में मूर्ति स्थापना, हवन एवं पंगत प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गौसेवक जगदीश प्रसाद सैनी के नेतृत्व में संतों एवं आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। गोशाला प्रबन्धन कार्यकारिणी अध्यक्ष चैतन्य मीणा ने बताया कि गोशाला परिसर में दशकों पुराना बालाजी का छोटा मंदिर जर्जर हो गया था, जिसका जगदीश प्रसाद सैनी द्वारा जीर्णोद्वार करवाकर मूर्ति को नवीन मंदिर में विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत करवाया गया। इस दौरान गोशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा, व्यवस्थापक महेश दीवान, कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक, पूर्व व्यवस्थापक रामकिशोर कारीगर, महेश रामावत, पवन कुमावत आदि ने संत बलदेव दास महाराज का स्वागत किया तथा गोशाला के बालाजी मंदिर जीर्णोद्वार करवाने के कार्य के लिए जगदीश प्रसाद सैनी एवं परिजनों का सम्मान किया गया। इस दौरान लालचंद जांगिड़ मऊ, गोपाल कारीगर, वैद्य श्रीनिधि, रामकिशोर सैनी, गोपाल बंसल, सीताराम मित्तल, दिनेश भादुका, रोशन लाल सैनी, मनोज मीणा, भरत शर्मा, दिनेश लूनाका समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एक ही मरीज के लिए 8 लोगों ने किया रक्तदान



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सरकारी अस्पताल मे भर्ती ग्रामीण क्षेत्र की बुजुर्ग महिला मरीज के प्लेटलेट काफी कम होने के कारण डॉ द्वारा प्लेटलेट चढ़ाने की आवश्यकता बताने पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की अपील पर तनुज लाटा, प्रहलाद राणा गोपालपुरा, पवन सीलू लोढ़सर, इस्लाम कादरी, कसूम्बी से अनिल पिलानिया, हरी प्रजापत, पुखराज राठी, मलसीसर से मुकेशदत ने सुजानगढ़ ब्लड बैंक आकर रक्तदान कर मानवीय फर्ज निभाया। इस अवसर पर हेमासर से धर्मवीर चैधरी, मलसीसर पूर्व सरपंच मुकेश, राहुल चन्देलिया, महावीर सिंह, ब्लड बैंक से राकेश आदि उपस्थित रहे। स्वर्णकार ने बताया कि ऐसा काफी कम देखने को मिलता है कि एक ही मरीज के लिए इतने सारे लोगों ने रक्तदान किया हो।

# व्याख्याता भर्ती में फर्जीवाड़ा कराने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## मेवाड़ यूनिवर्सिटी के जिम्मेदारों के साथ मिलकर रची थी साजिश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी द्वारा आयोजित प्राध्यापक-हिन्दी स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री के जरिए नौकरी पाने की कोशिश करने वाले गिरोह के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने फर्जी डिग्री तैयार करने और करवाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ मिलकर अभ्यर्थियों को फर्जी अंकतालिकाएं और डिग्रियां बांटी थीं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि एसओजी ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी द्वारा आयोजित प्राध्यापक-हिन्दी स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री के जरिए नौकरी दिलाने में सहयोग करने सहित फर्जी डिग्री तैयार करने और करवाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा 55 निवासी गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया है। आरोपित शातिर जालसाज है। उसके खिलाफपूर्व में भी विभिन्न विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्रियां जारी करने के कई प्रकरण दर्ज हैं।

वह लंबे समय से शिक्षा जगत में इस तरह के फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहा था। विशाल बंसल ने बताया कि अभ्यर्थी कमला कुमारी ने पात्रता जांच के दौरान मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार चित्तौड़गढ़ की एमए हिन्दी की डिग्री पेश की थी। आयोग ने जब इस डिग्री का विश्वविद्यालय से सत्यापन कराया तो सामने आया कि ऐसी कोई डिग्री वहां से जारी ही नहीं हुई है। इसके बाद मार्च 2023 में अजमेर के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया था जिसकी जांच एसओजी कर रही है। जांच में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट/प्रो/प्रेसिडेंट कौशल किशोर चंद्रुल, सुशील कुमार शर्मा, उप परीक्षा नियंत्रक, कार्यालय सहायक राजेश सिंह राणावत और वीरेन्द्र सिंह के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा। जहां आरोपी ध्वज कीर्ति ने फर्जी माइग्रेशन सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र और डिग्री पर डीन व रजिस्ट्रार की फर्जी सील लगाकर स्वयं के हस्ताक्षर किए थे। मुख्य आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा को प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त कर औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान उससे अन्य फर्जी डिग्रियों और इस गिरोह के अन्य नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि इस हाई-प्रोफाइल मामले में फर्जी डिग्री प्राप्त करने वाली मुख्य अभ्यर्थी कमला कुमारी सहित दस आरोपितों को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

# आरएसी अलंकरण समारोह में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा प्रदान करेंगे डीजीपी डिस्क और सेवा पदक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर के मुख्यालय पर शुक्रवार को एक भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में आरएसी के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क प्रशस्ति रोल और उत्कृष्ट/अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे। इस समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा होंगे। कमाण्डेन्ट अनिल कुमार द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह कार्यक्रम अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन्स रुपिंदर सिंघ के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कमाण्डेन्ट अनिल कुमार ने बताया कि अलंकरण समारोह शुक्रवार सुबह 07:45 बजे से शुरू होकर 10:30 बजे तक चलेगा। सर्वप्रथम अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रुपिंदर सिंघ, पुलिस महानिरीक्षक रणधीर सिंह एवं उप महानिरीक्षक पुलिस आदर्श सिधु द्वारा उत्कृष्ट एवं अति उत्कृष्ट सेवा पदकों का वितरण किया जाएगा। वहीं मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के आगमन पर क्वार्टर गार्ड सलामी लगे। स्वागत उद्बोधन के बाद डीजीपी द्वारा पात्र अधिकारियों, कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क का वितरण किया जाएगा। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य उन पुलिस कर्मियों को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने कर्तव्य पथ पर अदम्य साहस, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का परिचय दिया है। डीजीपी डिस्क और सेवा पदक जैसे सम्मान पुलिस बेड़े में कार्यरत कार्मिकों के मनोबल को बड़ाने और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

## श्री गंगा गौशाला में आज सांय 5 बजे बैठक का आयोजन

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** गौ सम्मान आहवान अभियान के तहत 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे जुलुस के रूप में नोखा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर हमारे देश की धरोहर एवं सम्पूर्ण प्रकृति की पोषण करने वाली गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने व गौ हत्या निषेध कानून लागू करवाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, राज्यपाल एव मुख्य मंत्री के नाम के ज्ञापन नोखा उपखण्ड अधिकारी को दिया जाना है। इस बाबत विचार विमर्श हेतु आज गुरुवार 23 अप्रैल को सांय 5 बजे उपराँत श्री गंगा सहित गौशाला नोखा में गौशाला कार्यकारिणी सहित आम जन की मिटिंग रखी गई है। गौशाला समिति के अध्यक्ष निर्मलकुमार भूरा व उपाध्यक्ष बनवारी डेलु के हवाले से समिति सदस्य इन्द्रचन्द मोदी ने जानकारी दी।

# ताल छापर अभयारण्य की मृग गणना विशेष दल से करवाने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता और सदस्य सचिव, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड को अलग - अलग पत्र प्रेषित कर ताल छापर अभयारण्य के कृष्ण मृगों की गणना विशेष दल से करवाने की मांग की हैं। पत्र में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने लिखा कि कृष्ण मृगों की प्रतिवर्ष होने वाली गणना में स्थानीय वन विभाग के आंकड़े संतोषजनक नहीं हैं। मृग गणना में स्थानीय वन विभाग द्वारा जागरूकता नहीं बरती जाती और पारदर्शिता के नितान्त अभाव के कारण मनमर्जी के आंकड़े दिये जाते हैं। पत्र में लिखा गया कि पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ वॉटर होल, ट्रांजिट लाइन, ट्रेप विधि के साथ अन्य विश्व स्तरीय आधुनिक तकनीक से इन मृगों की गणना होनी चाहिए। ताकि भारतीय उप महाद्वीप में पाई जाने वाली ऐंटीलोप की जैव वैज्ञानिक प्रजाति के दुर्लभ कृष्ण मृगों के संरक्षण के प्रति अधिक गम्भीरता से कार्य किया जा सके। पत्र में एक विशेष गणना दल का गठन कर उसमें विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र के विभागाध्यक्ष, सहायक आचार्य व शोधकर्ताओं को सदस्य बनाये जाये। पत्र में इस दल में पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारियों, वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, ताल छापर कस्बे के वन्य जीव प्रेमियों और ताल छापर अभयारण्य की रेंज के बाहर अधिकारियों विशेष रूप से प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों को जोड़ने का सुझाव दिया गया। इससे कृष्ण मृगों की वास्तविक संख्या के साथ-साथ उनकी वास्तविक स्थिति का भी आंकलन होगा।

पत्र में लिखा गया कि अगर एक विशेष दल का गठन कर मृग गणना करवाई जाती है। तो इससे केन्द्र और राज्य सरकार के वन्य जीव संरक्षण के प्रति सहानुभूति का सकारात्मक संदेश जनता में जायेगा। पत्र की प्रतिलिपि जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, चूरू तथा उप वन संरक्षक चूरू को भी प्रेषित की गई है।

# बेटी की शादी में निकली बिंदौरी

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** विवाह समारोह में बेटों की तरह ही अब बेटियों को भी घोड़ी पर चढ़कर बिंदौरी की रस्म निभाने की परंपरा ट्रेंड कर रही है। ऐसा ही नजारा झांझोत में देखने को मिला। सरिता देवी पत्नी नाहर सिंह पायल ने शादी से पहले अपनी बेटी को बेटे की तरह घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बिंदौरी निकाली। वर्तमान में बेटियों के प्रति समाज में जागृति आई हैं। अब बेटियों को भी बेटों के समान समझा जाने लगा हैं। जो देश व समाज के लिए अभिनव पहल हैं। ऐसा ही बेटा-बेटी एक समानता का सन्देश गांव पायल परिवार ने दिया। जिसमें लाडली मोनिका पायल को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ बिंदोरी निकाली। नाहर सिंह पायल ने बताया कि बिटिया की बिंदौरी निकालने का एक मात्र उद्देश्य समाज में बेटा-बेटी के भेद को मिटाकर समानता का सन्देश देना हैं। बिंदौरी में सहेलियों, भाई बहनों, परिवारजनों सहित रिश्तेदारों ने नाचकर खुशियां मनाई। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में जागृति आती हैं, और बेटा-बेटी समानता के वातावरण का निर्माण होता हैं। इस दौरान प्रिया, अंकिता एसुमित्रा, सुभिता मंजू, सुनीता, संजू, पूजा ज्योति कोमल आदि अनेक सहेलियां बंदौरी समझ में मौजूद कई प्रबुद्ध जन समेत समाज के गगणमान्य लोग मौजूद रहे।

# छापर में 15 लोगों ने लिया नैत्रदान का संकल्प

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब द्वारा शुरू की गई नैत्रदान की मुहीम रंग लाने लगी है और छापर में 15 लोगों ने नैत्रदान की घोषणा की है। लायंस क्लब द्वारा गुरुवार को छापर में पहला नेत्रदान करने वाली स्वर्गीय रामप्यारी देवी दाधीच पत्नी स्वर्गीय झूमरमल दाधीच के देवर चैनरूप और पुत्र पवन दाधीच व उनके परिवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिवार के 15 लोगों ने एक साथ नेत्रदान करने का संकल्प लिया। साथ ही नेत्रदान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा के लिए नेत्रदान प्रेरणा पोस्टर का विमोचन भी किया गया। मौजूद लोगों ने पोस्टर के माध्यम से नेत्रदान का संदेश ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बाबूलाल शर्मा, जयचंदलाल दाधीच, चैनरूप दायमा, डॉ. गिरधारी रतावा, श्रीराम शर्मा, जनार्दन शर्मा, रामचंद्र शर्मा, रामदयाल शर्मा तथा पवन शर्मा सहित 15 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लेकर अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया। चैनरूप दायमा ने कहा कि मृत्यु के बाद नेत्रदान सबसे बढ़ा मानवीय दान है और एक व्यक्ति का नेत्रदान दो लोगों के जीवन में उजाला ला सकता है। छापर और आस पास के क्षेत्र मे घर-घर जाकर इस मुहिम को युद्ध स्तर पर ले कर जाएंगे और अधिकतम नेत्रदान करने के लिए लोगों को संकल्प करवाएंगे। इस दौरान लायन्स क्लब सुजानगढ़ की ओर से जोन चेयरमैन कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक एवं देवेंद्र बेदी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# विकल्पहीन ट्रंप



ईरान को तबाह करने की धमकी दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह दो सप्ताह से जारी युद्धविराम की अवधि खत्म होने के पहले ही उसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया, वह उनके समक्ष पैदा हुई विकल्पहीनता को ही रेखांकित करता है। उनके इस निर्णय से यही स्पष्ट हो रहा है कि वे इस युद्ध से निकलने की राह देख रहे हैं। इसका कारण यह है कि वे लगभग 40 दिनों तक चले युद्ध में न तो ईरान को अशक्त कर पाए और न ही उसके हमलों से खाड़ी देशों की समुचित ढंग से रक्षा कर पाए।

वे उसकी नाकाबंदी के बावजूद उसे होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए बाध्य भी नहीं कर सके। उनके सामने घरेलू मोर्चे पर भी चुनौती बढ़ गई है, क्योंकि एक तो उनके %मागा% यानी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन समर्थक युद्ध के पक्ष में नहीं और दूसरे, उन्हें ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए संसद की अनुमति चाहिए होगी। वह उन्हें शायद ही मिले, क्योंकि विपक्षी डेमोक्रेट संग कई रिपब्लिकन सांसद भी युद्ध के विरोध में हैं। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि होर्मुज बाधित होने से विश्व में जो गहन ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसका अमेरिका पर भी असर पड़ा है।

निःसंदेह यह भी स्पष्ट है कि युद्धविराम तोड़ना जितना अमेरिका के लिए जोखिम भरा था, उतना ही पाकिस्तान के लिए भी। यदि अमेरिका नए सिरे से ईरान पर हमले करता तो वह जवाबी कार्रवाई के तहत सऊदी अरब समेत खाड़ी के अन्य देशों को निशाना बनाता। ऐसे में पाकिस्तान को सऊदी अरब के साथ हुए समझौते के तहत ईरान के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ता और यह उसका संकट और बढ़ाता। चूंकि पाकिस्तान के साथ अमेरिका भी युद्धविराम विस्तार में ही अपना हित देख रहा था, इसलिए ट्रंप ने यह आड़ ली कि वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और उसके सैन्य प्रमुख के आग्रह पर युद्धविराम को विस्तार दे रहे हैं। क्या यह विचित्र नहीं कि अभी तक हर मामले में मनमानी करने वाले ट्रंप पाकिस्तान के आग्रह को इतना महत्व दे रहे हैं? इसमें संदेह है कि अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की जो वार्ता टली, वह युद्धविराम विस्तार से फिर शुरू हो सकेगी, क्योंकि ईरान अमेरिकी नाकेबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन मानकर अमेरिका से बात करने से इन्कार कर रहा है। वह अमेरिकी धमकियों से भी बेपरवाह है।

अमेरिका और पाकिस्तान के सामने समस्या यह भी है कि उनके लिए यह जानना कठिन है कि ईरान में चल किसकी रह रही है–मजहबी अथवा राजनीतिक नेतृत्व की या फिर सैन्य नेतृत्व की? लगता है मजहबी एवं राजनीतिक नेतृत्व पर कट्टरपंथी सेना हावी हो गई है। जो भी हो, युद्धविराम विस्तार एक अच्छा संकेत तो है, पर इससे अच्छे नतीजे निकलने के आसार कम ही हैं, क्योंकि होर्मुज अब भी बाधित है।

## विशेष आलेख

# होर्मुज आपदा में भारत के लिए अवसर



अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम का विस्तार इस ओर संकेत करता हैं कि होर्मुज जलमार्ग का खुलना संभव है। वैसे यदि ऐसा हो जाता है तो भी पूर्ववर्ती व्यवस्था की वापसी संभव नहीं लगती। ईरान युद्ध शुरू होने से पहले खाड़ी क्षेत्र की सामुद्रिक परिवहन व्यवस्था एक नाजुक धारणा पर टिकी थी।

करीब 130 जहाज रोजाना इस 33 किमी चौड़े संकरे जल मार्ग से बिना किसी बाधा के गुजरते थे, पर अब यह धारणा ध्वस्त हो चुकी है। आर्थिक दृष्टि से इसका अर्थ है कि होर्मुज के पुनः खुलने के बाद भी बीमा लागत ऊंची रह सकती है। शिपिंग कंपनियां इस मार्ग पर निर्भरता घटाने के लिए अपने मार्गों का पुनर्निर्धारण करने में लगी हैं।

खाड़ी सहयोग परिषद यानी जीसीसी देश भी समानांतर रूप से खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा के अपने ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। यह केवल भू-राजनीतिक व्यवधान नहीं है। यह वैश्विक व्यापार संरचना का पुनर्संयोजन भी है। इसमें उन मार्गों, वित्तीय तंत्रों और संस्थागत व्यवस्थाओं का पुनर्गठन हो रहा है, जो तय करते हैं कि सीमा पार वस्तुओं का व्यापार कैसे संचालित होता है। इस उभरते परिदृश्य में भारत विशिष्ट रूप से सशक्त स्थिति में है। दशकों से भारत को मुख्यतः एक ऊर्जा-निर्भर अर्थव्यवस्था के रूप में देखा गया है, जो एक बड़ी हद तक खाड़ी क्षेत्र के तेल एवं गैस पर निर्भर है। होर्मुज संकट ने इस सच को भी उजागर किया है कि भारत केवल खरीदार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता भी है, विशेष रूप से खाद्य और आवश्यक वस्तुओं के मोर्चे पर। यह शक्ति संतुलन को सूक्ष्म, पर महत्वपूर्ण रूप से बदलने वाला पहलू है।

भारत की शक्ति इस बिंदु में निहित है कि वह एक साथ कई संबंधों को संभालने में सक्षम है। उसके ईरान के साथ रणनीतिक संबंध हैं तो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भी वह अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर रहा है। सऊदी अरब, कुवैत और कतर के साथ उसके ऊर्जा संबंध इस क्षेत्र में उसकी केंद्रीय भूमिका को और सुदृढ़ करते हैं। केवल यूएई में ही 43 लाख से अधिक भारतीय प्रवासी समुदाय आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक संबंधों की कड़ियों को कुछ ऐसे जोड़ता है, जिसका कोई तोड़ नहीं।

भारत और यूएई के बीच स्थानीय मुद्राओं के माध्यम से व्यापार अब अमेरिकी डालर के बजाय रुपये और दिरहम में संभव है। इससे मुद्रा उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक वित्तीय जोखिमों का प्रभाव कम होता है। ऐसी सुविधा मौजूद संकट के समय और महत्वपूर्ण हो जाती है। होर्मुज संकट ने खाड़ी क्षेत्र की खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरियों को स्पष्ट कर दिया है। दशकों तक लचीलापन उनकी प्राथमिकताओं में नहीं था, जबकि आज प्राथमिकता निर्णायक रूप से बदल गई है। खाड़ी की अर्थव्यवस्थाएं अब केवल सस्ते आपूर्तिकर्ता की तलाश में नहीं हैं, बल्कि सबसे भरोसेमंद साझेदार को प्राथमिकता दे रही हैं।

यही वह बिंदु है, जहां भारत की भूमिका निर्णायक बन जाती है। यह संकट एक नई आपूर्ति श्रृंखला के विकास की परिस्थितियों को भी निर्मित कर रहा है। इस संभावित श्रृंखला के अंतर्गत जहां भारत एक उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित होगा, वहीं खाड़ी क्षेत्र लाजिस्टिक्स हब और वितरण केंद्र के रूप में उभरेगा।

इससे समूची आपूर्ति श्रृंखला का पुनर्संयोजन होगा, जिसमें लचीलेपन के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी एकीकृत होंगी। इस समय जैसी परिस्थितियां आकार ले रही हैं, उनमें खाद्य पदार्थों, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बड़े पैमाने पर मांग उत्पन्न होगी। भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है, जो इस मांग को पूरा करने में सक्षम हैं।

इसका प्रभाव भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर भी होगा। देश के पास पहले से ही आवश्यक संस्थागत और उत्पादन क्षमता मौजूद है। हमारे कृषि-प्रसंस्करण क्षेत्र, निर्यात प्रमाणन प्रणाली, वेयर हाउस वित्तपोषण तंत्र और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का व्यापक नेटवर्क एक मजबूत आधार उपलब्ध कराते हैं। भारत के पास क्षमताओं की कमी कभी नहीं रही, पर उन्हें अपेक्षित रूप से एकजुट नहीं किया जा सका। अब इस दिशा में प्रयास उपयोगी हो सकते हैं।

इस समय आपदा की जो स्थिति बनी हुई है, वह अवसर भी प्रदान करती है। इस समय खाड़ी देश दीर्घकालिक और विश्वसनीय आपूर्ति करने वाले साझेदारों की तलाश में हैं। भारत उनकी तलाश को पूरा करने में सक्षम है। अब आवश्यकता नई रणनीति बनाने की नहीं, बल्कि मौजूदा प्रणालियों को एक समन्वित, सरकारी समर्थित व्यापार गलियारे में एकीकृत करने की है, जो उत्पादन, वित्त, लाजिस्टिक्स और अंतरराष्ट्रीय वितरण को एक साथ जोड़ सके।

हमें यह नहीं भूलना होगा कि वैश्विक व्यापार में संरचनात्मक परिवर्तन की गुंजाइश लंबे समय तक नहीं बनी रहती। अन्य देश भी आपूर्ति श्रृंखलाओं को दुरुस्त कर इन अवसरों का लाभ उठाने की दिशा में प्रयासरत होंगे। इसमें देरी करने का अर्थ होगा रणनीतिक अवसर को गंवा देना और ऐसे अवसर बार-बार नहीं मिलते। यह सही है कि होर्मुज ने संकट बढ़ाया है, लेकिन इसके साथ कुछ अवसरों की खिड़की भी खुली है। भारत को इस खिड़की का उपयोग कर वैश्विक व्यापार में विस्तार के हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

# रंग बदलती तमिलनाडु की राजनीति

भारत का चुनावी परिदृश्य ऐसा है कि प्रमुख राज्यों में कम से कम एक राष्ट्रीय दल तो मुकाबले में होता है, लेकिन तमिलनाडु इस पैमाने पर बड़ा अपवाद है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस से लेकर वर्तमान में स्वयं को देश के सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित कर चुकी भाजपा भी इस राज्य में केवल सहयोगी की भूमिका में हैं। सत्तारूढ़ द्रमुक और विपक्षी अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले खेमे ही यहां अपने-अपने सहयोगियों के साथ सत्ता के समीकरणों को साधने की जुगत में लगे हैं। करीब पांच दशकों से प्रदेश की दो ध्रुवीय हो चली राजनीति को अभिनेता से नेता बने विजय की नवगठित पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम यानी टीवीके त्रिकोणीय बनाने में जुटी है। चूंकि द्रमुक न केवल सत्तारूढ़ दल, बल्कि द्रविड़ राजनीति की मूल प्रवर्तक पार्टी है, इसलिए सबसे पहले उसकी संभावनाओं पर चर्चा उपयोगी होगी। राज्य के राजनीतिक इतिहास पर दृष्टि डालें तो द्रविड़ राजनीति की वटवृक्ष होने के बावजूद द्रमुक कभी लगातार दो बार सत्ता में वापसी नहीं कर पाई है। जबकि अन्नाद्रमुक ने पहले एमजी रामचंद्रन के नेतृत्व में 1977, 1980 और 1984 के चुनावों में लगातार तीन बार और फिर जे. जयललिता के दौर में 2011 और 2016 के चुनावों में लगातार जीत हासिल की। इसका सीधा अर्थ यही निकलता है कि द्रमुक अपने शासन में सत्ता विरोधी रुझान की काट नहीं कर पाती। इसके कारणों की पड़ताल की जाए तो यह पार्टी मुख्य रूप से पारिवारिक नेतृत्व पर ही निर्भर रही है और इसमें कार्यकर्ताओं या संगठन की शक्ति पर कभी बहुत अधिक जोर नहीं दिया गया। दबे स्वरों में यह बात भी सामने आती है कि पार्टी की सत्ता के दौरान संगठन खासतौर से जिला स्तर के कार्यकर्ताओं की दबंगई और भ्रष्टाचार पार्टी के लिए घातक सिद्ध होता है। ऐसे में, प्रादेशिक नेतृत्व के प्रति जनता में भले ही उतना असंतोष न हो, लेकिन स्थानीय नेतृत्व की कारगुजारियों की कीमत पार्टी को चुकानी पड़ती रही है।

## स्वास्थ्य समाचार

# बच्चों को खिलाएं यह फल पानी की कमी को करेंगे पूरा

बच्चों को हेल्दी रखने के लिए बच्चों को कई हेल्दी चीजें खिलाई जाती हैं। कई बार बच्चे खाना, तो ठीक से खाते हैं लेकिन पानी नहीं पीते। ऐसा लगातार करने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। बच्चों के शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए बच्चों को ये फल खिलाएं जा सकते हैं। ये फल खाने से शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के साथ इम्यूनिटी को भी मजबूत करेंगे। ये फल बच्चों के पाचन तंत्र को हेल्दी रखने में मदद करेंगे। सर्दी होने पर कई बार बच्चों को प्यास लगने का एहसास नहीं होता है। ऐसे में ये फल देकर उनकी शरीर में पानी की कमी को आसानी से पूरा किया जा सकता है। बच्चों में लंबे समय तक डिहाइड्रेशन की समस्या होने पर गंभीर बीमारी भी हो सकती हैं।

### संतरा

संतरा पोषक तत्वों से भरपूर होता हैं। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, आयरन, फाइबर और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। इसको खाने से इम्यूनिटी को मजबूत करके बच्चों की भूख बढ़ाने में भी मदद करता है। संतरा बच्चों को खिलाने से बच्चों में पानी की कमी आसानी से पूरी होती है। सर्दियों में बच्चों को संतरा धूप में बैठकर ही खिलाएं।

### अनार

पोषक तत्वों से भरपूर अनार शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अनार में भरपूर मात्रा में आयरन, फाइबर, ओमेगा-6 फैटी एसिड और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। बच्चों को अनार खिलाने से



शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ती है और बच्चों की शरीर की कमजोरी दूर होती है। सर्दियां होने पर बच्चों को अनार खिलाने से बच्चों के शरीर में पानी की कमी पूरी होती है।

### कीवी

कीवी शरीर के लिए बहुत हेल्दी होती है। कीवी में प्रचुर मात्रा में फाइबर, फोलेट और पोटेशियम आदि पाए जाते हैं।

कीवी में प्रचुर मात्रा में पानी पाया जाता है, जो बच्चों के शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में मदद करता है। कीवी खाने से बच्चों को लंबे समय तक प्यास नहीं लगती है। इसको खाने से बच्चों की इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।



### अनानास

अनानास पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन, प्रोटीन और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। इसको खाने से बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ती है और पाचन तंत्र भी हेल्दी होता है। अनानास में पानी की मात्रा पाई जाती है। बच्चो को ये खिलाने से उनमें पानी की कमी नहीं होती।

# छोटे बच्चों को रोज पिलाएं गाजर का जूस, सेहत को मिलेंगे यह फायदे

छोटे बच्चों को जब पौष्टिक आहार देने की बात आती है तो ज्यादातर न्यू पेरेंट्स के दिमाग में दलिया, खिचड़ी, पोहा, खीरा, टमाटर और गाजर जैसे ऑप्शन दिमाग आते हैं। दलिया, खिचड़ी और पोहा बच्चों को आसानी से दिया जा सकता है, लेकिन जब बात साबुत फल और सब्जियों की आती है तो पेरेंट्स अक्सर कंफ्यूज हो जाते हैं कि आखिरकार ये बच्चों को कैसे दिया जाए। कई बार पेरेंट्स बच्चों को गाजर, खीरे जैसे सब्जियां सलाद के तौर पर ही देना पसंद करते हैं। सर्दियों के मौसम में आप बच्चों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए आप उन्हें गाजर का जूस पिला सकते हैं। गाजर में कैल्शियम, फैट, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, आयरन जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं।

**कोशिकाएं बढ़ाने में मदद करता है गाजर :** गाजर के पोषक तत्व छोटे बच्चों की कोशिकाओं को बढ़ाने में मदद करते हैं। गाजर में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बच्चों की चोट और घाव को भी तेजी से भरने में मदद करते हैं।

**आंखों के लिए फायदेमंद है गाजर :** गाजर में बीटा-कैरोटीन पाया जाता है। बीटा-कैरोटीन आंखों की रोशनी को ठीक करने में मदद करता है। इसके अलावा गाजर विटामिन सी का भी अच्छा सोर्स माना जाता है। विटामिन सी होने के कारण ये नेत्र रोग, अंधापन, कम दिखने की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

**हृदय रोग के जोखिम को करता है कम :** गाजर में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, हृदय रोगों की संभावना हो कम करने में मदद करते हैं। गाजर शरीर में एंटीऑक्सीडेंट का प्रभाव बढ़ा सकता है और लिपिड पेरोक्सिडेशन (शरीर के लिपिड पर फ्री रेडिकल्स का प्रभाव) को कम करने में मदद करते हैं। लिपिड पेरोक्सिडेशन कम होने की वजह से गाजर हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

# जल्दी बाल बढ़ाने के लिए इन तरीकों से लगाएं आंवला

बालों को लंबा करने में आंवला एक बेहतरीन फल है। हम में से ज्यादातर लोग इसका सेवन करते हैं, साथ ही त्वचा और बालों की कई समस्याओं को दूर करने के लिए भी प्रयोग करते हैं। जिन लोगों के बाल बहुत झड़ते हैं, साथ ही उनकी जगह पर नए बाल नहीं उगते हैं उनके लिए आंवला का सेवन और इसका बालों में प्रयोग दोनों ही बहुत लाभकारी साबित हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आंवला विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है, जो आयरन के अवशोषण में मदद करता है।

साथ ही एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल गुणों से भी भरपूर होता है। यह इम्यूनिटी को मजबूत बनाने और हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करता है। अगर आप बालों में आंवला का प्रयोग करते हैं तो यह स्कैल्प से हानिकारक बैक्टीरिया, फंगस और डैंड्रफ का सफाया करेगा जो आपके बालों को पतला करते हैं और हेयर ग्रोथ को प्रभावित करते हैं। साथ ही यह स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को भी स्टिमुलेट



करता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है और बालों के रोम को भीतर से पोषण मिलता है। इस तरह यह बालों को जल्दी लंबा करने में बहुत लाभकारी है।

**आंवला जूस पिएं :** आप सुबह खाली पेट आंवला जूस का सेवन कर सकते हैं, इसे बालों के विकास के साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य को भी कई लाभ मिलेंगे। आप चाहें तो आप चुकंदर और गाजर के जूस में भी 2 आंवला का जूस बनाकर पी सकते हैं।

**आंवला फल खाएं :** यह आंवला का प्रयोग करने का सबसे आसान तरीका है। आप सुबह 2 आंवला फल को उबालकर, इसका सीधे तौर पर सेवन कर सकते हैं। इससे आपके बाल और त्वचा दोनों को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। जब आप आंवला का सेवन करते हैं इससे आपके शरीर को आंतरिक रूप से पोषण मिलता है, इससे रक्त में ऑक्सीजन को बढ़ाने और बालों के रोम को पोषण प्रदान करने में मदद मिलती है, जिससे बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है।

**आंवला पाउडर और नारियल तेल हेयर पैक :** आप बालों की जरूरत के अनुसार एक बर्तन में नारियल तेल लें, फिर इसमें 1-2 चम्मच आंवला पाउडर डालें और पकाएं। इसे ठंडा कर लें, फिर बालों में लगाएं और स्कैल्प की मालिश करें। आप चाहें तो आंवला फल को पीसकर भी नारियल तेल में पका सकते हैं। इसे सिर धोने से पहले बालों में कम से कम 1 घंटे के लिए बालों में जरूर लगाएं।

**मेहंदी में आंवला पाउडर मिलाकर लगाएं :** मेंहदी भी बालों की अच्छी ग्रोथ में मदद करती है। आप जल्दी बाल बढ़ाने के लिए 2 चम्मच मेहंदी पाउडर में 1 चम्मच आंवला पाउडर और गर्म नारियल या सरसों तेल मिलाकर भी बालों में अप्लाई कर सकते हैं। 3-4 घंटों के लिए बालों में जरूर लगाएं, फिर शैंपू से सिर धो लें।

**आंवला पाउडर और अंडा हेयर मास्क :** अंडा प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है, जो बालों के विकास और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है। एक बाउल में 1 अंडे का सफेद भाग लें, इसमें 1-2 चम्मच आंवला पाउडर मिलाएं और जरूर के अनुसार जैतून का तेल मिलाएं।

## आज का राशिफल

### मेष

चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### वृष

पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### मिथुन

पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### कर्क

शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### सिंह

पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### कन्या

प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### तुला

फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

### वृश्चिक

घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### धनु

चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### मकर

रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कुंभ

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### मीन

विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

# मंत्रोच्चार के साथ मुर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में विश्वकर्मा सुथार सेवा समिति की ओर से तहसील के ग्राम कांगड़ में दादो जी महाराज की बगीची में श्री बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संत दयानाथ महाराज के सानिध्य में व पंडित मांगीलाल उपाध्याय छोटड़िया मंत्रोंचार के साथ मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। व मुख्य यजमान भंवरलाल धामू व श्रीमती सावित्री देवी थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राके जांगिड़, तारानगरएट वशिष्ठ अतिथि चिरंजीलाल जांगिड़ सीकर, सुखाराम जांगिड़, शंकर लाल सुथार नोखा, ओमप्रकाश तहसीलदार, लक्ष्मण रामजी सारण, बजरंग लाल धामू सहित कई ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंचिय संचालन बजरंग लाल धामू व भागीरथ मायल छापर ने संयुक्त रूप से किया।

# बीरमसर में स्मार्ट मीटर लगाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ तहसील के ग्राम बीरमसर में आज गुरूवार को स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची ठेकेदार कंपनी के प्रतिनिधियों को ग्रामीणों के विरोध के चलते बिना काम किए ही लौटना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास किया गया जिसकी सूचना मिलने पर किसान सभा के प्रतिनिधि पहुंचे। अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के उपाध्यक्ष मदन जाखड़ ने बताया कि संगठन शुरू से ही स्मार्ट मीटर के विरोध में है। इस संबंध में जिले की विभिन्न तहसीलों में धरने-प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं तथा एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपे जा चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले से डिजिटल मीटर लगे हुए हैंए जो सही स्थिति में कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद स्मार्ट मीटर लगाने की आवश्यकता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर वर्तमान मीटरों की तुलना में 13 से 67 प्रतिशत तक अधिक यूनिट दर्शाते हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि आंगनवाड़ी ओर अन्य सरकारी संस्थाओं में बिजली बिल का भुगतान सरकार द्वारा अक्सर देरी से किया जाता है, जिससे वहां के कार्मिकों को एक बार अपनी जेब से भुगतान करना पड़ता है। ऐसे में स्मार्ट मीटर लागू होने से उनकी आर्थिक परेशानियां और बढ़ सकती हैं। गांव के युवाओं और ग्रामीणों ने सामूहिक बैठक कर निर्णय लिया कि बीरमसर में किसी भी स्थान पर स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने दिए जाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा इस विषय पर आमजन की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए पुनर्विचार किया जाए।

# पुष्य नक्षत्र में प्रथम पूज्य का आज होगा पुष्य अभिषेक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में शुक्रवार को पुष्य नक्षत्र में प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज का पुष्याभिषेक किया जाएगा। कहीं दूध से तो कहीं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। अथर्वशीर्ष मंत्रोच्चार के साथ मोदक अर्पित किए जाएंगे। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में शुक्रवार को सुबह आठ बजे गणेश जी महाराज का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। जयपुर स्थापना के समय के गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में पुरुषाकृति गणेश जी का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। पुष्पों से श्रृंगार कर खीर का भोग लगाया जाएगा। मंदिर महंत पंण्कैलाश शर्मा ने बताया कि अभिषेक में 251 किलो दूध, 21 किलो दही घी, 21 किलो बूरा, शहद, केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र एवं गुलाब इत्र का उपयोग किया जाएगा। सर्वप्रथम भगवान का गंगाजल, केवड़ा जल एवं गुलाब जल से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद पंचामृत अभिषेक होगा और अंत में गंगाजल से शुद्ध स्नान कराया जाएगा। प्रातरू 11 बजे भगवान श्री गणपति सहस्त्रनाम के साथ 1001 मोदक अर्पित किए जाएंगे। पूजन के बाद श्रद्धालुओं को रक्षा सूत्र एवं स्वास्थ्य के लिए हल्दी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। शाम 4 बजे भगवान श्री गणेश जी महाराज फूल बंगले में विराजमान होंगे तथा नवीन पोशाक धारण करेंगे। इस अवसर पर भगवान को विशेष भोग के रूप में खीर अर्पित की जाएगी। इसके अलावा ब्रह्मपुरी स्थित दक्षिणावर्ती नहर के गणेश मंदिर में महंत जय शर्मा के सान्निध्य में गणपति का अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई जाएगी तथा मोदकों का भोग अर्पण किया जाएगा। सूरजपोल बाजार स्थित श्वेत सिद्धि विनायक मंदिर में गणेशजी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई जाएगी। चौड़ा रास्ता के काले गणेशजी, दिल्ली बाईपास रोड स्थित आत्माराम गणेश मंदिर, बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश गणेश जी सहित अन्य गणेश मंदिरों में भी पुष्याभिषेक के आयोजन होंगे।

## नरेगा कार्य समय में बदलाव, अब सुबह 6 से दोपहर 1 बजे तक होगा कार्य

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी को देखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के तहत कार्य के समय में बदलाव किया गया है। जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि अब नरेगा के कार्य प्रात: 6 : बजे से दोपहर 1 बजे तक किए जाएंगे। यह परिवर्तित समय 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई श्रमिक समूह निर्धारित टास्क को समय से पूर्व पूर्ण कर लेता है, तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मास्टर रोल में अंकित टास्क प्रपत्र में दर्ज करवाने एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के बाद कार्य स्थल छोड़ सकता है। गौरतलब है कि नरेगा के तहत सामान्यत: 8 घंटे की कार्य अवधि 1 घंटे विश्राम सहित प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित रहती है, जिसमें वर्तमान में गर्मी के मद्देनजर संशोधन किया गया है।

# महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल ने जीता स्वर्ण पदकए क्षेत्र में खुशी की लहर

निसं



**रींगस नवयत्न )।** रोल बोल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तथा गुजरात रोन बोल असोसियेशन में आयोजित छठी वेस्ट जॉन रोल बॉल प्रतियोगिता में महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल, रींगस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रशिक्षक नवरंग स्कंटिंग रींग ने जानकारी देते हुए बताया कि सब जूनियर राजस्थान बालक वर्ग टीम ने अपने लीग मैचों में गुजरात, आरएसएसए पुणे, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में टीम ने गुजरात को 5-1 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। फाइनल मुकाबले में राजस्थान ने महाराष्ट्र को कड़े संघर्ष में 2-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार छठी मिनी रोल बॉल प्रतियोगिता में भी राजस्थान बालक वर्ग टीम ने गुजरात, आरएसएसए पुणे, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में टीम ने गुजरात को 6.0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया तथा फाइनल में आरएसएसए पुणे को 3.1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। विद्यालय के खिलाड़ी जय सिंह एवं लक्ष्मीनिवास ने सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, वहीं कार्तिक सिंह शेखावत और यश चौधरी ने मिनी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रार्थना सभा में सचिव विशाल महला, प्राचार्य राजेंद्र यादव, सुरेश ढाका तथा डॉ शिप्रा यादव ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट किए। विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अपने साथियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सुरेश ढाका ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का सशक्त आधार है। रोल बॉल जैसे खेल युवाओं में त्वरित निर्णय क्षमता, संतुलन और साहस का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा प्रशिक्षक पिंटू दयाल शर्मा की मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कोच ही प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाते हैं। महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल लगातार रोल बॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित कर रहा है।

इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। कार्यक्रम का संचालन देबाशीष दास गुप्ता ने किया।

## आज से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे में स्वर्गीय ईश्वर राम खडोलिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र नंदलाल, सांवरमल, बाबूलाल, शंकर लाल एवं बनवारी लाल खडोलिया परिवार की ओर से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन आज से प्रारंभ होगा। कथा से पूर्व टांटिया शिवालय से विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्गों से होती हुई माली सैनी समाज कथा स्थल तक पहुंचेगी। धार्मिक वातावरण में निकाली जाने वाली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। माली सैनी समाज भवन में दोपहर 1:15 बजे से कथा का शुभारंभ होगा, जो प्रतिदिन शाम 5:15 बजे तक चलेगा। कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजित दंडी स्वामी शिवेंद्राश्रम महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसास्वादन कराएंगे। इस भव्य आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दिया जा रहा है और तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

## लापरवाही : इजाजत तामीर के बावजूद भेजा अवैध निर्माण का नोटिस

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जमादारों की रिपोर्ट पर कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक की ओर से 21 अप्रैल को शहर में पिछले दिनों हुए निर्माणों को लेकर कई लोगों को नोटिस भेजे गए थे। मामले को लेकर शहर के सरकारी अस्पताल के पीछे मकान बनवा रहे राजेन्द्र कुमार सेठिया व उनकी पत्नी सज्जन देवी को भी बिना परमिशन निर्माण करवाने सम्बंधी नोटिस मिले थे। लेकिन राजेंद्र कुमार सेठिया ने नोटिस का जवाब नगरपरिषद को देकर बताया है कि मेरे और सज्जन देवी सेठिया के नाम से सितम्बर 2025 में आवासीय निर्माण की परमिशन इसी नगरपरिषद ने दी थी, जिसके अनुसार मकान का निर्माण करवाया जा रहा है। नगर परिषद से स्वीकृति लेकर सभी तरह के चार्ज भी जमा करवा दिए गए थे। उसके बावजूद भी उन्हें किस बात के लिए नोटिस दिए गए हैं। अधिकारियों को पता ही नहीं है कि किसके पास निर्माण की स्वीकृति है और किसके पास नहीं। राजेंद्र कुमार सेठिया ने कहा कि नगरपरिषद में अधिकारियों और कर्मचारियों में समन्वय का अभाव है और अपने द्वारा किए गए कार्य और परमिशन इनको पता नहीं हैं, तो जनता ये गलती कब तक भुगतेगी। उन्होंने कहा कि जमादार ने गलत सूचना देकर अधिकारियों को भ्रमित किया और मेरा व मेरी पत्नी का नाम अखबारों में छपा दिया गया, इससे उनकी मानहानि हुई है। अधिकारियों को सोच समझ कर नोटिस की कार्रवाई करनी थी।

# घर-घर कचरा संग्रहण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करवाने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के लोगों ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपते कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए घर-घर कचरा संग्रहण के नए टेंडर को निरस्त करने का प्रयास करने के आरोप लगाए। निवर्तमान पार्षद रेवंतमल पंवार के साथ आए वाल्मीकि समाज के लोगों ने बताया कि नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा घर घर कचरा संग्रहण के लिए टेंडर 18 मार्च को आमंत्रित किया गया था, जिसमें सात फर्मों ने भाग लिया था और अब तक फाइनेंशियल बीड नहीं खोली गई है।

ज्ञापन में आरोप लगाया कि लम्बा समय बीत जाने के बाद भी यह टेंडर नहीं खोला जा रहा है, जिससे यह अंदेशा बना हुआ है कि इसे निरस्त करवाने का प्रयास कार्यवाहक आयुक्त द्वारा किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि नया टेंडर निष्पक्ष रूप से जल्दी खोलकर वर्क ऑर्डर जारी किए जावें। ज्ञापन सौंपते वक्त विकी धाकड़, अजित कुमार, अमित कुमार, चरणदास, नोरतन, गोपाल, पिंटू खेरवाल, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे। उसके बाद सभी लोगों ने एडीएम संतोष कुमार को भी इसी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस बारे में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक से बात करने पर उन्होंने कहा कि मैं किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं हूंए मुझे चार्ज मिलते ही मैंने नगरपरिषद की व्यवस्थाओं को सही करने का प्रयास किया है, ताकि जनता को अच्छी सेवाएं मिल सके। रही बात टेंडर की तोए टेंडर अगर पिछे से कोई बाकी हैं और नियमानुसार होने हैं, तो वो जरूर जारी होंगे। मैं न तो किसी टेंडर को रूकवा सकता हूं और न ही किसी टेंडर को जबरदस्ती जारी करवा सकता हूं। सारे काम नियमानुसार होने हैं।

# 93 मरीजों की मोतियाबिंद की जांच व 43 मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयन

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्र्स्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल, जिला अंधता निवारण समिति जयपुर व स्व. जीवण मल आशादेवी जाजू छापर के सहयोग से 38 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन माहेश्वरी भवन के प्रांगण में हुआ। ट्रस्टी व शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में 93 मरीजो की मोतियाबिंद जांच कर 43 मरीजों का नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयन किया गया व शेष मरीजो को नि:शुल्क दवाई दी गई। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन शुक्रवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। मानव सेवा के इस अनूठे अभियान का शुभारंभ भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे थाना प्रभारी गौरव खड़िया, सुनीता झंवर, चन्दा सोनी, डॉ. अक्षिता घीया, एडवोकेट कमल सोनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर शुभारंभ पर नरेश पेड़ीवाल व एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के राकेश जाजू, महेश जाजू, रामोतार चांडक, रामकिशन चांडक, किरण देवी तापड़िया, मंजू पेड़ीवाल, कृष्णा जाजू, मांगीलाल स्वामी, मनोज जोशी, नन्दकिशोर माटोलिया, पूर्णमल कम्मा, मुरलीधर मण्डगिरा, एडवोकेट रामोतार ठठेरा, महावीर रामगढ़िया, महेंद्र पारीक, बद्रीप्रसाद पारीक शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम व अनेक गणमान्य व्यक्ति व सैकड़ों मरीज उपस्थित थे।

## विश्व शांति एवं लोक कल्याण के लिए किया मंत्र जप



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर के किरण पथ पर स्थित श्री वेद माता गायत्री वेदना निवारण केंद्र में गुरुवार को विश्व शांति, लोक कल्याण एवं सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से विशेष साधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 35 गायत्री परिजन सहभागी बने, जिन्होंने सामूहिक रूप से 35,964 गायत्री महामंत्र का जाप कर सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार एवं विश्व मंगल की कामना की। इसी क्रम में बजरंग द्वार स्थित आदियोगा सेंटर पर मंजू सिंह, चंद्रवीर सिंह के संयोजन में गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ छह पारियों में विधिवत संपन्न हुआ। यह आयोजन सेंटर के फाउंडेशन डे के उपलक्ष्य में रखा गया था। मंजू सिंह, योगा सेंटर का संचालन करती हैं। कार्यक्रम के दौरान अखंड ज्योति पत्रिका एवं प्रज्ञा अभियान के अंतर्गत मंत्र लेखन पुस्तिका का वितरण भी किया गया। यज्ञ में 10 बहनों ने बलि वैश्व पात्र क्रय किया। इस आयोजन में मोनिका तिवारी एवं सुनीता राठौर का विशेष सहयोग रहा। करधनी नव चेतना केंद्र के कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन 24 बार गायत्री महामंत्र जाप करने, एक.एक वृक्ष लगाने तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु मृत्युभोज का बहिष्कार करने का संकल्प लिया। यह संकल्प पर्यावरण संरक्षण, आध्यात्मिक उन्नयन एवं समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# सांगलिया में राजपूत समाज भाई बहन स्नेह मिलन समारोह आयोजित



निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम सांगलिया स्थिति श्री मां जमवाय मंदिर में राजपूत समाज भाई बहन स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस मौके पर बड़ी संख्या में राजपूत समाज के भाई ओर बहनों ने शामिल हुई। समारोह का शुभारंभ कुलदेवी मां जमवाय माता की महा आरती एवं भोग प्रसादी के बाद आयोजन की शुरुवात हुई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सौहार्द एवं सामाजिक सद्भाव के भावों को समाज के सामने जागृत करना सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करना ही अहम उद्देश्य था। जिसमें कार्यक्रम आपसी विचार गोष्ठी, नगर भ्रमण, विशाल गौ ग्रास महा प्रसादी एवं सांगलिया धुनी दर्शन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सर्व समाज के बंधुओं द्वारा गांव की बहन बेटियों का जगह जगह जेसीबी एवं ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा एवं जल पान/पलाहार की व्यवस्था की गई गौ ग्रास महा प्रसादी के दौरान अखिल भारतीय सांगलिया धुनी पीठाधीश्वर ओमदास जी महाराज ने बहन बेटियों को चुनरी ओढ़ाकर आपसी सद्भाव के बारे में अवगत कराया महाराज श्री ने कहा की लंबे अर्से बाद समाज की बेटियों को एक जगह देखकर प्रसन्न चित्त हुआ हू ये आयोजन राजपूत समाज के साथ अन्य समाजों में भी आपसी भाईचार एवं सामाजिक समरसता के भाव जागृत करेगा दीपेंद्र सिंह सांगलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में गोस्वामी समाज, ठाकुर जी मंदिर पुजारी संघ, जाट समाज, मिश्रा समाज, चौहान बावरी समाज, मेघवाल समाज, जांगिड़ समाज, के साथ सांगलिया के उधमी रमेश मिश्रा एवं वर्तमान सांगलिया सरपंच मनोहरी देवी भंवर सिंह चौधरी द्वारा समाज की बेटियों को चुनरी ओढ़ाकर बेटियों का मान सम्मान किया। सांगलिया सरपंच प्रतिनिधि भंवर सिंह चौधरी ने बताया कि ऐसा आयोजन प्रति वर्ष होना चाहिए जिससे समाज बंधु एक जाजम पर आए और सामाजिक समरसता के भाव जागृत रहे। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सर्व समाज के सामाजिक बंधु शामिल हुए।

## जांगिड़ हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में हुआ नि:शुल्क शिविर का आयोजन

निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** कस्बे के जांगिड़ हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में नि:शुल्क बोन मिनरल एंड डेंसिटी बी.एम. डी. शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दूर दराज से आये 61 मरीजों की बोन मिनरल डेंसिटी की जांच की गई एवं परामर्श दिया गया।

जिन मरीजों की अस्थि घनत्व कम था उनको डॉ. राजेश जांगिड़ वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. मौसमी जांगिड़ दंत रोग विशेषज्ञ ने कैल्सियम एवं विटामिन डी-3 लेने की सलाह दी। डॉ जांगिड़ ने मरीजों को धूप सेवन एसंतुलित आहार, दूध, खजूर, हरी सब्जियाँ, फल, मेवेएसीताफल आदि के सेवन की सलाह दी।

धूप से त्वचा विटामिन डी-3 का संश्लेषण करती है। मरीजों को योग और व्यायाम करने की सलाह दी गई। इस शिविर में रमेश, दीपेंद्र, तेजवीर, रणवीर, रोहन, रामस्वरूप, समर्थ आदि ने सहयोग किया।

## आईपीएल से पहले एसएमएस स्टेडियम के पिच और तैयारियों का लिया जायजा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में आगामी आईपीएल मैचों की तैयारियों को लेकर गुरुवार को संयुक्त शासन सचिव युवा मामले एवं खेल एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने क्रिकेट ग्राउंड और पिच का निरीक्षण किया। इस दौरान चीफ पिच क्यूरेटर तापोष चटर्जी ने उन्हें मैदान की तैयारियों का विस्तृत अवलोकन करवाया। निरीक्षण के दौरान बारूपाल ने मुख्य मैदानए पिच के साथ-साथ नॉर्थ और साउथ ब्लॉक का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जयपुर में आईपीएल के चार मुकाबले खेले जाएंगे, जिनकी शुरुआत 25 अप्रैल से होगी। इसके बाद 1, 9 और 19 मई को भी मैच आयोजित होंगे। अधिकारियों के अनुसार शनिवार को होने वाले पहले मैच के लिए स्टेडियम पूरी तरह तैयार है। इस बार नई फ्लड लाइट्स भी स्थापित की गई हैं, जिससे मैदान पहले से अधिक रोशनी से जगमगाएगा। नीतू बारूपाल ने बताया कि मैचों के दौरान दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि सभी को बेहतर अनुभव मिल सके।

## झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर यज्ञ को लेकर भूमि पूजन 25 को

निसं



**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर 17 जून से 25 जून तक आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ को लिए लेकर 25 अप्रैल को प्रातः 11:15 बजे भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा स आपको बता दे झड़ाया में आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ झड़ाया बालाजी मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा स यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अप्रैल को भूमि पूजन के दौरान कई साधु संत व गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग भूमि पूजन के दौरान उपस्थित रहेंगे। भावरिया ने हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि भूमि पूजन के दौरान ही यज्ञ स्थल पर विशाल धर्म ध्वज पताका भी फहराई जाएगी स झड़ाया बजरंग धाम आश्रम के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज के अनुसार 25 अप्रैल को आयोजित होने वाले भूमि पूजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है स झड़ाया मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जून से आयोजित होने वाली यज्ञ को लेकर गांव गांव व ढाणी ढाणी में लोगों को पीले चावल देकर निमंत्रण दिया जा रहा है स यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने बताया की 17 जून से झड़ाया में आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ ऐतिहासिक यज्ञ होगा जिसकी गूंज विदेशो तक सुनाई देगी।

## ई-मित्र कियोस्क संचालक 3 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट

जयशकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** उदयपुरवाटी क्षेत्र में ई-मित्र सेवाओं के दुरुपयोग का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला ई.गवर्नेंस सोसायटी डॉ. अरुण गर्ग के निर्देश पर उदयपुरवाटी के ई-मित्र कियोस्क संचालक अनिल कुमार को 3 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। जिला कलेक्टर ने बताया कि संबंधित कियोस्क संचालक द्वारा ई-मित्र पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र के आवेदन में जानबूझकर अनियमितताएं की गईं। जांच में सामने आया कि आवेदन फार्म में पटवारी एवं गवाह के जाली हस्ताक्षर किए गए, जो कि विभागीय दिशा-निर्देशों का गंभीर उल्लंघन है।

इस कदाचार को सेवा स्तरीय अनुबंध का उल्लंघन मानते हुए कियोस्क संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। इसके तहत अनिल कुमार को 3 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट करने के साथ ही उसका आधार व जन आधार आईडी भी ब्लैकलिस्ट कर दी गई है। इसके अलावा प्रशासन ने यह भी निर्णय लिया है कि भविष्य में कियोस्क संचालक या उसके परिवार के किसी भी सदस्य को नया ई-मित्र कियोस्क खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की सेवा लेते समय सतर्क रहें और अनियमितता की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को देंए ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

### सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक गुरुवार को जिला परिषद सभागार में झुंझुनू सांसद बृजेंद्र सिंह ओला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति और संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, समग्र शिक्षा अभियान सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ओला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों का गंभीरता से निस्तारण करें और विभागीय योजनाओं की जानकारी समय-समय पर साझा करें। उन्होंने बैठक कार्यवाही की रिपोर्ट समय पर भेजने के भी निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर उनकी प्रगति जानी ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, पिलानी विधायक पितराम काला, जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, कावेंद्र सिंह, जिला परिषद के सीईओ कैलाश यादव सहित विभिन्न पंचायत समितियां के प्रधान, समिति के सदस्य एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड अर्थ डे पर प्रिंस के विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** पालवास रोड, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में वर्ल्ड अर्थ डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा मॉन्टेसरी से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण व कविताओं के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का महत्व बताया तथा सेव अर्थ, सेव फ्यूचर व गो ग्रीन, कीप इट क्लीन विषयों पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिताओं में भाग भी लिया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, कॉर्डिनेटर्स सहित समस्त स्टाफमेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले वासियों से की स्वगणना चरण के दौरान अधिकाधिक भागीदारी की अपील

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किए जाने हेतु 01 मई से स्व-गणना चरण प्रारंभ हो रहा है। स्वगणना चरण के दौरान उपयोगकर्ता हेतु मार्गदर्शिका तैयार की गई है। प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने स्वगणना चरण 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक के दौरान जिलेवासियों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

जनगणना के स्वगणना चरण के दौरान आमजन निर्धारित 09 स्टेप पूरे कर स्वगणना पूर्ण कर सकते हैं। स्व. गणना जनगणना: स्व. गणना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत निवासी अपने परिवार संबंधी विवरण को स्वयं ऑनलाइन भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं। स्व. गणना प्रक्रिया, राजस्थान राज्य क्षेत्र द्वारा अधिसूचित अवधि 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक के अनुसार मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रारंभ होने से 15 दिन पूर्व से सक्रिय रहेगी । पोर्टल के खुलने की तिथि तथा इसकी सक्रिय अवधि 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक पोर्टल पर भी प्रदर्शित की जाएगी। स्व. गणना प्रक्रिया पूर्ण करने में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लग सकता है तथा सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण के पश्चात एक विशिष्ट स्व. गणना पहचान संख्या ;एसई आईडीद्ध जनरेट होगी।

### जनगणना के स्वगणना चरण हेतु आमजन निर्धारित 09 स्टेप पूर्ण करें :

**स्टेप 01 : प्रवेश और प्रारंभिक लॉगिन पोर्टल** स्वगणना चरण के दौरान पोर्टल तक पहुंचने के लिए पर जाकर ड्रॉप-डाउन सूची से राजस्थान राज्य क्षेत्र चुनें तथा आगे बढ़ने के लिए कैप्चा दर्ज करें। डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करते समय बेहतर दृश्यता के लिए लैपटॉप या डेस्कटॉप का उपयोग करना प्रस्तावित है।

**स्टेप 02 : परिवार का पंजीकरण**-दूसरे स्टेप में परिवार के मुखिया का नाम दर्ज करें। इस प्रविष्टि के पास एक टूलटिप उपलब्ध है, जो यह समझने में सहायता करेगा कि परिवार का मुखिया किसे माना जाए। महत्वपूर्ण बात यह है कि एक बार पंजीकरण होने के बाद मुखिया के नाम को बदला नहीं जा सकेगा। इसके बाद परिवार के किसी भी सदस्य का मोबाइल नंबर दर्ज करें। प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जाना चाहिए और वह नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। इसमें अपनी स्व.गणना पहचान संख्या एसई आईडी ई-मेल के माध्यम से प्राप्त करने हेतु एक ई-मेल आईडी वैकल्पिक भी प्रदान कर सकते हैं।

**स्टेप 03 : भाषा चयन एवं ओटीपी सत्यापन**- इसके बाद अपनी पसंदीदा भाषा सावधानीपूर्वक चुनें। प्रक्रिया के बाद के चरणों में इसे बदला नहीं जा सकेगा। इसके बाद अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एक-बार उपयोग होने वाला पासवर्ड ओटीपी दर्ज कर सत्यापन करें और आगे बढ़े। ओटीपी प्राप्त करने के लिए सुनिश्चित करें कि आपके मोबाइल में पर्याप्त नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध हो।

**स्टेप 4 : निवास स्थान का विवरण प्रदान करना स्थान संबंधी विवरण**-अपना जिल-चूरू चुनें और अपना पिन कोड वैकल्पिक दर्ज करें। इसके पश्चात अपने गाँवध्नगर, स्थानीय क्षेत्र तथा निकटवती पहचान-चिहन लैंडमार्क का नाम दर्ज करें। इसके बाद खोज पर क्लिक करें।

**स्टेप 5 : मानचित्र पर अपने निवास स्थान का चिन्हांकन परस्पर क्रियात्मक मानचित्रण** - स्क्रीन पर एक लाल संकेतक मार्कर के साथ मानचित्र प्रदर्शित होगा। इस संकेतक को खींचकर अपने निवास स्थान के सटीक स्थान पर रखें ताकि आवासीय भवन का सही स्थान चिन्हित किया जा सके। इसके बाद सहेजें और आगे बढ़े पर क्लिक करें। स्थान संबंधी जानकारी की पुष्टि हेतु एक संदेश प्रदर्शित होगा। यह प्रक्रिया, प्रगणक द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान सत्यापन हेतु स्व. गणना एसई डेटा को संबंधित मकानसूचीकरण ब्लॉक हाउस लिस्टिंग ब्लॉक से आवंटित करने में सहायक होगा।

**स्टेप 6 : प्रश्नावली को पूर्ण करना सूचना दर्ज करना** - मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित प्रश्नावली को भरें। इसके लिए विशिष्ट प्रश्नों के लिए प्रश्नों के नीचे दिए गए नोट्स, टूलटिप्स तथा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न आदि मार्गदर्शन साधनों का उपयोग करें। यह प्रश्नावली वही है, जिसका उपयोग प्रगणक द्वारा किया जाएगा। भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, जनगणना मकान का उपयोग तथा परिवार क्रमांक जैसी कुछ जानकारी प्रगणक द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान अलग से दर्ज की जाएगी। प्रणाली में अगले पृष्ठ पर जाने से पहले वर्तमान स्क्रीन को पूर्ण करना आवश्यक है, हालांकि आप किसी भी समय पिछली प्रविष्टियों में संशोधन करने के लिए वापस जा सकते हैं।

**स्टेप 7: दर्ज किए गए डेटा की समीक्षा पूर्वावलोकन** - पूर्वावलोकन स्क्रीन के माध्यम से सभी दर्ज की गई जानकारी को अनुभाग-वार जांचें। इस चरण पर डेटा में संशोधन किया जा सकता है। आप जानकारी को ड्राफ्ट के रूप में सेव रख सकते हैं और अंतिम तिथि 15 मई 2026 से पूर्व इसे अंतिम रूप देकर पुष्टि करें और सबमिट कर सकते हैं।

**स्टेप 8 : अंतिम प्रस्तुतीकरण डेटा लॉक करना** - जब आप संतुष्ट होए तब पुष्टि करें और सबमिट करें पर क्लिक करें। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा, सिवाय इसके कि प्रगणक द्वारा आपके क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आवश्यक परिवर्तन किए जाएं। प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 15 मई 2026 सभी पृष्ठों पर चलती हुई सूचना मार्की के रूप में प्रदर्शित की जाएगी। यदि राजस्थान राज्य क्षेत्र की निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व अंतिम रूप से प्रस्तुत नहीं किया जाता हैए, तो स्व. गणना पूर्ण नहीं मानी जाएगी। सफ्ल प्रस्तुतीकरण के पश्चात से प्रारंभ होने वाली 11 अंकों की एक विशिष्ट एसई आईडी उत्पन्न होगी और प्रदर्शित की जाएगी। यह एसई आईडी एसएमएस तथा ई.मेल ;यदि प्रदान किया गया होद्ध के माध्यम से भी भेजी जाएगी। इसे स्क्रीनशॉट लेकर सुरक्षित रखना तथा लिखकर नोट कर लेना अनुशंसित है। एसई आईडी को पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से पोर्टल से बाद में भी प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।

**स्टेप 9: क्षेत्रीय सत्यापन प्रगणक द्वारा घर का भ्रमण** - जब जनगणना प्रगणक आपके घर आए, तो उन्हें अपनी एसई आईडी प्रदान करें। यदि एसई आईडी प्रगणक के मोबाइल एप्प में उपलब्ध किसी भी एसई आईडी से मेल खाती है, तो आपका स्व.गणना डेटा सत्यापित, स्वीकार एवं प्रस्तुत कर दिया जाएगा। यदि एसई आईडी का मिलान नहीं होता हैए तो प्रगणक आपके परिवार की जानकारी पुनः एकत्र करेगा।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव : शस्त्र और शास्त्र के पूजन से गूंजा जयपुर

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के तहत गुरुवार को राजधानी के विद्याधर नगर में शस्त्र एवं शास्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विप्रजनों ने शस्त्रों की शक्ति और शास्त्रों के ज्ञान की महत्ता को नमन किया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान परशुराम के प्रतीक चिन्ह फरसे और तलवार के साथ-साथ रामायण, श्रीमद्भगवद् गीता और श्री परशुराम ग्रंथ का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम मातृ-पितृ भक्ति के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण हैं। वे न केवल ब्राह्मणों के आराध्य हैं, बल्कि वे पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने आतंक के खिलाफ शस्त्र उठाया था।

उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को शस्त्र और शास्त्र, दोनों का ज्ञान होना अनिवार्य है। समारोह के दौरान उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों को श्सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय की भावना से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। समाज के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में ब्राह्मण समाज अपना सर्वोपरि योगदान देगा और समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक एवं युवा प्रकोष्ठ के जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश में शोभायात्राओं और पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्याधर नगर स्थित शिवम टेक्सटाइल में हुए इस कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियां जिनमें प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, राष्ट्रीय महामंत्री मुकेश भारद्वाज, प्रदेश युवा अध्यक्ष गब्बर कटारा, जयपुर शहर अध्यक्ष अजय शर्मा, और पार्षद दिनेश कांवट शामिल हुईं। इनके साथ ही बाबूलाल शर्मा, अशोक शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, भरत शर्मा, एडवोकेट कमलेश शर्मा और सौम्या मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह 12 अप्रैल से शुरू हुआ था, जो आगामी 26 अप्रैल 2026 तक विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के साथ जारी रहेगा। कार्यालय सचिव हर्ष शर्मा ने बताया कि समाज की एकजुटता और संस्कृति के संरक्षण के लिए यह आयोजन मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

## नांगल के ग्रामीणों ने जलदाय विभाग कि सहायक अभियंता को सोपा ज्ञापन



निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत नांगल में जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकी को चालू करवाने के लिए ग्रामीण लामबंद होकर जलदायक विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में लिखा गया है कि पिछले 1 साल से टंकी का निर्माण पूरा होने पर भी टंकी से पानी सप्लाई नहीं हो रहा है उसे तुरंत चालू करवाने की मांग की है स संतुष्ट जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीण उखड़ गए। फिर जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा 5 दिन मे टंकी से पानी सप्लाई चालू करने और अधूरे कनेक्शन देने पर ग्रामीण शांत हुई इस दौरान ग्रामीणों ने तीन सूत्री मांगों को लेकर जलदायक विभाग । ज्ञापन सोपा, तीन सूत्री मांग इस प्रकार है टंकी से अति शीघ्र पीने का पानी सप्लाई किया जाए, और अधूरे कनेक्शन कर के ग्रामीणों को राहत दी जाये, ओर टंकी के संचालन के लिए एक सविंदा पर कर्मचारी की व्यवस्था की जाए। इस दौरान नांगल सैनी समाज अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, दशरथ सिंह शेखावत, रामप्रताप सैनी, फूलचंद सैनी वार्ड पंच, एडवोकेट ताराचंद नांगल, प्रताप सिंह शेखावत, श्रवन सैनी, मोहन लाल, छितरमल सैनी आदि लोग थे।

## दिन में फेरों का आयोजन कर समाज को दिया सकारात्मक संदेश

### हिम्मतरामका परिवार ने एक आदर्श उदाहरण किया प्रस्तुत

निसं



**चिड़ावा (नवयत्न)।** जयपुर के भंवर सिंह पैलेस बगरू में आयोजित एक विवाह समारोह ने समाज को सकारात्मक दिशा देने का संदेश दिया। पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका की सुपौत्री सौ. कां. प्राची हिम्मतरामका का विवाह नेछवा प्रवासी चैन्नई निवासी सीए राजाराम मोर के सुपुत्र चि. मनीष मोर के साथ विधि-विधान से संपन्न हुआ।

इस विवाह की सबसे खास बात यह रही कि फेरे दिन में कराए गए। जिससे समाज में एक सशक्त और प्रगतिशील संदेश गया। आमतौर पर जहां रात्रि विवाह की परंपरा प्रचलित है। वहीं इस आयोजन के माध्यम से यह दर्शाया गया कि शुभ मुहूर्त और सादगी को प्राथमिकता देते हुए दिन में भी विवाह पूर्णतः संभव और उचित है। विवाह संस्कार के फेरे पं. मुकेश पुजारा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराए। इससे पहले चिड़ावा के बिंवाल भवन में श्याम पाठ का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपत्ति को आशीर्वाद देते हुए इस पहल की सराहना की। हिम्मतरामका परिवार की ओर से झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, महेश हिम्मतरामका, प्रदीप एवं संदीप हिम्मतरामका सहित अन्य परिजनों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। यह विवाह समारोह न केवल एक पारिवारिक उत्सव रहा। बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और नई सोच को प्रोत्साहित करने वाला उदाहरण भी बना।

**प्री वेडिंग शूट से भी किया किनारा**-समाज में प्री वेडिंग शूट को बंद करने की कई बार चर्चा हो चुकी है।

जिसका समर्थन करते हुए हिम्मतरामका परिवार ने प्री वेडिंग शूट से भी किनारा किया। चंद फोटोग्राफ्स के अलावा कोई वीडियोग्राफी या फिर बड़े स्तर पर प्री वेडिंग शूट भी नहीं किया गया। जिसे भी समाज के लिए एक सकारात्मक कदम बताया जा रहा है।

## फांसी पर झूली युवती, आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप

निसं



**पिलानी (नवयत्न)।** कस्बे में एक युवती ने बुधवार की शाम को अपने घर में फांसी का फंदा लगा कर मौत को गले लगा लिया। पुलिस के अनुसार मृतका विद्या विहार नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 9 निवासी अरूणा 24 वर्ष पुत्री लीलाधर सैनी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की । पुलिस के अनुसार अरूणा के परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट दी है कि अरूणा को झेरली गांव का एक युवक पिछले कुछ समय से पेरशान कर रहा था।

परिजनों के अनुसार बुधवार को अरूणा की माता एक शादी समारोह में गई हुई थी। अरूणा घर में अकेली थी। शाम को अरूणा के पिता को झेरली निवासी युवक ने फोन कर कहा कि अरूणा को बचाओ वह फांसी लगा रही है। युवक से मिली सूचना पर अपने घर पहुंचे लीलाधर को अरूणा फांसी पर लटकी हुई मिली। पुलिस ने बुधवार शाम को शव को मोर्चरी में रवाया। इस संबध में मृतका के परिजनों ने झेरली निवासी भवानी सिंह पर अरूणा को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दी है। थानाधिकारी चन्द्रभान ने बताया कि गुरूवार को मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपर्द कर दिया है। परिजनों की शिकायत की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर ही कार्यवाही होगी।

## उपराष्ट्रपति ने ऋषिकेश एम्स के विस्तार की सराहना की, कहा-स्वास्थ्य सेवा अस्पतालों से परे होनी चाहिए

नई दिल्ली




उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज गुरुवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान के छठे दीक्षांत समारोह किया। इस दौरान, उपराष्ट्रपति ने स्नातकों से सहानुभूति, ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने एम्स के विस्तार की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी तक पहुंचनी चाहिए। ऋषिकेश को चिंतन और उपचार के वैश्विक केंद्र और हिमालय के प्रवेश द्वार के रूप में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा वातावरण दीक्षांत समारोह की गंभीरता को और भी गहरा कर देता है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह न केवल वर्षों के अनुशासित प्रयास और त्याग की परिणति है बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी की शुरुआत भी है। उन्होंने स्नातकों से समर्पण और उद्देश्य की भावना के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को निभाने का आग्रह किया।

कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने लचीलापन, नवाचार और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत के व्यापक टीकाकरण अभियान पर कहा कि 140 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त टीके लगाए गए जिससे स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच सुनिश्चित हुई। भारतीय वैज्ञानिकों ने लाभ के लिए नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण के लिए टीके विकसित किए हैं। उन्होने भारत की वैक्सीन मैत्री पहल के माध्यम से वैश्विक जिम्मेदारी को भी रेखांकित किया जिसके अंतर्गत 100 से अधिक देशों को टीके उपलब्ध कराए गए।उन्होंने कहा कि यह पहल वसुधैव कुटुंबकम की भावना को दर्शाती है और एक दयालु और जिम्मेदार वैश्विक साझेदार के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करती है।

सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि पिछले एक दशक में देश भर में, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में, नए एम्स संस्थानों की स्थापना से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि सुशासन लोगों की जरूरतों को समझने और उनकी सेवा करने में निहित है। एम्स ऋषिकेश की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान नैदानिक देखभाल, शैक्षणिक क्षमता, अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक प्रतिबद्धता को मिलाकर उत्कृष्टता का एक आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने विशेष रूप से इसकी टेलीमेडिसिन पहलों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा को अस्पताल परिसरों से आगे बढ़कर दूरस्थ और वंचित आबादी तक पहुंचना चाहिए।

## पारस देवी प्रोडक्शन बनाएगा एक और देशभक्ति फिल्म कोड 22

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए पारस देवी प्रोडक्शन के बैनर तले एक और देशभक्ति फिल्म कोढ 22 का निर्माण किया जाएगा। फिल्म के निर्माता संदीप कुमार जैन होंगे, सह निर्मात्री ममता जैन होगी जिन्होंने इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि कोड 22 एक देशभक्ति पर आधारित फिल्म होगी, जिसमें राष्ट्रप्रेम, सुरक्षा और समर्पण की भावना को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। फिल्म की कहानी युवाओं को प्रेरित करने वाली होगी और इसमें आधुनिक समय के महत्वपूर्ण मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग शेखावाटी के लोहार्गल, शाकम्भरी, झुंझुनू, बुगाला, नवलगढ़ सहित प्रदेश भर के नयनाभिराम स्थलों पर जल्द ही शुरू की जाएगी। इसके लिए कलाकारों व तकनीकी टीम की चयन प्रक्रिया जारी है। फिल्म को उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि यह दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ सके। मुख्य भूमिका में मॉडल व अभिनेत्री इशिका जैन हैं।अन्य कलाकारों का चयन भी जल्द ही किया जाएगा। फिल्म के गीत मुंबई स्टूडियो में रिकॉर्ड कर लिए गए हैं। स्थानीय स्तर पर बन रही इस फिल्म को लेकर क्षेत्र के लोगों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म से जुड़े अन्य कलाकारों और लोकेशन की जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। शेखावाटी के कई कलाकारों को ऑडिशन के इस फिल्म में काम करने का मौका दिया जाएगा और शेखावाटी के दो-तीन बड़े शहरों में इस फिल्म के ऑडिशन होंगे ज्ञातव्य है प्रोडक्शन की ताजा तरीन फिल्म जो की युवाओं को नशे से दूर रहने की सीख देती है फिल्म पॉइंट जीरो भी जल्द ही शेखावाटी केसिनेमा घरों में दिखाई जाएगी।

## अभिनव बाल भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया पृथ्वी दिवस

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निजी शिक्षण संस्थान अभिनव बाल भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुरुवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने ग्रीन अर्थ, क्लीन अर्थ का संदेश देते हुए आकर्षक पोस्टर और स्लोगन प्रस्तुत किए तथा पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। साथ ही बच्चों द्वारा विद्यालय को विभिन्न प्रकार के पौधे भी भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन सचिव पवन बोथरा ने सभी को पर्यावरण की रक्षा करने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया। अंत में प्रधानाचार्य शुचि शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है और छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़ा बदलाव संभव है।

## मंदिर से तीन छतर चोरी

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय ठरड़ा रोड़ स्थित बालाजी मंदिर में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। महेश कुमार की ओर से थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि मंदिर से चांदी के तीन छतर और नगद राशि अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। अत: मामला दर्ज कर चोरी गया सामान दिलवाया जावे।

## शुक्र-शनि की युति से योग से बना सप्तांक योग, कई राशियों के फिरेंगे दिन मान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शुक्र और शनि के संयोग से 24 अप्रेल को विशेष सप्तांक योग बनने जा रहा है, जिसका प्रभाव कुछ राशियों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव और लाभ लेकर आ सकता है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जब राशि चक्र के 360 डिग्री को सात समान भागों में विभाजित किया जाता है, तो लगभग 51.26 डिग्री का जो कोण बनता है, उसे सप्तांक या सप्तांश योग कहा जाता है। इसे ज्योतिष में एक रहस्यमयी और अत्यंत प्रभावशाली योग माना जाता है, जो व्यक्ति के जीवन में अचानक सकारात्मक परिवर्तन और भाग्य के नए द्वार खोलने की क्षमता रखता है। मान्यता है कि यह योग व्यक्ति को अपने वास्तविक लक्ष्य और उद्देश्य की ओर अग्रसर करता है। वृषभ राशि: वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्तांक योग अत्यंत शुभ और फलदायी सिद्ध हो सकता है, क्योंकि इस राशि के स्वामी स्वयं शुक्र ग्रह हैं। इस अवधि में अचानक धन लाभ की संभावनाएं बन सकती हैं और लंबे समय से रुके हुए या अटके हुए धन की वापसी भी संभव है। करियर के क्षेत्र में स्थिरता आएगी और नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन रहे हैं। निवेश से लाभ प्राप्त होने के संकेत हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पारिवारिक और वैवाहिक जीवन में भी मधुरता बढ़ेगी तथा जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। कुल मिलाकर यह समय आपकी मेहनत का उचित परिणाम देने वाला साबित हो सकता है। तुला राशि : तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्तांक योग भाग्य को मजबूत करने वाला माना जा रहा है। इस दौरान किस्मत का पूरा साथ मिलने की संभावना है और आय के नए स्रोत खुल सकते हैं। व्यापार में विस्तार के अवसर प्राप्त होंगे तथा कोई पुराना रुका हुआ कार्य या प्रोजेक्ट सफल हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा और घर-परिवार में सुख-शांति का माहौल बनेगा। सामाजिक स्तर पर मान-सम्मान में वृद्धि होगी और अचानक कोई शुभ समाचार भी प्राप्त हो सकता हैए जो जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

# नृसिंह मंदिर के पाटोत्सव पर भागवत कथा महोत्सव शुरू

## गोपीनाथ मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली विशाल कलश यात्रा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान श्री नृसिंह देव मंदिर पुरानी बस्ती, बगरू वालों का रास्ता में पाटोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को गोपीनाथ जी मंदिर से निकली विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। इस मौके पर मांगलिक वस्त्र धारण कर बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर गीत गाते हुए शामिल हुई। कलश यात्रा का पूरे मार्ग में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर नृसिंह देव भगवान, बंसी वाले और राधा गोविंद के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश शोभायात्रा के कथा स्थल नृसिंह मंदिर पहुंचने पर संत-महंतों के सानिध्य में भगवान नृसिंह देव के साथ ही व्यासपीठ और शुकदेव जी की पूजा की गई और कलश स्थापित किए गए। इस अवसर पर व्यास पीठ से नृसिंह मंदिर के महंत, पीठाधीश्वर अवधेश दास महाराज ने उपस्थित भक्तों को श्री मद् भागवत जी का महात्म्य सुनाया। इस मौके पर भक्तों ने भी व्यास पीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर के पीठाधीश्वर, महंत और भागवत कथा मर्मज्ञ अवधेश दास महाराज बंसी वाले ने बताया कि यह आयोजन अनंत विभूषित भागवताचार्य, साकेत वासी, रामदुलारे दासजी महाराज की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर सात दिवसीय भागवत कथा महोत्सव में रोजाना भक्तों के समक्ष दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:30 तक प्रवचन, भजन, आरती सहित अन्य आयोजन होंगे। भगवान नृसिंह देव सहित अन्य सभी देवों की रोजाना विशेष झांकियां सजाई जाएगी। कथा आयोजन के मनोरथी रामेश्वर प्रसाद खंडेलवाल लवाण वाले, एकता, राधा गोविंद एवं वैष्णव भक्तों की ओर से भागवत कथा महोत्सव में रोजाना सेवा कार्य के साथ ही भक्तों का मार्गदर्शन किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े पुष्कर दास महाराज ने बताया कि श्री मद् भागवत कथा और नृसिंह देव भगवान के महोत्सव के लिए मंदिर परिसर को विशेष रूप से बांदरवाल, रंगीन लाइट, फूल पत्तों और अन्य सजावट कर सजाया गया है। वहीं 30 अप्रैल को सुबह 8 बजे से मंदिर परिसर में भगवान के भजनों के साथ ही विशेष बधाईगान का आयोजन होगा। इसमें अनेक भजन गायक व स्थानीय भक्त अपनी मनभावक प्रस्तुतियों से भगवान को रिझाएंगे। भागवत कथा मर्मज्ञ अवधेश दास महाराज ने बताया कि यह महोत्सव नृसिंह देव भगवान के दरबार में मंदिर की स्थापना के समय से ही आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही। इस आयोजन में जयपुर सहित प्रदेश भर से संत-महंत एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी। आयोजन में रोजाना भक्तों को भागवत जी के प्रसंगों पर विशेष संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ कथा का मर्म समझाया जाएगा। कथा महोत्सव के विश्राम पर 30 अप्रेल को हवन पूजन के साथ ही 1156 प्रकार के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इसके साथ ही सुबह 10:00 बजे से मंदिर परिसर में भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन के तहत मंदिर परिसर स्थित गौशाला में भक्त नियमित रूप से गौ सेवा के साथ ही गौ पूजन भी करेंगे। भागवत कथा के विश्राम पर सायं बड़ी संख्या में भक्तों ने भागवत जी की आरती की। इस मौके पर सभी भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन स्थल पर भक्तों को बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है

# यातायात पुलिसकर्मियों की सेहत का ख्याल

## 231 जवानों की हुई ईसीजी और शुगर जांच

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** तपती धूप और प्रदूषण के बीच सड़कों पर तैनात रहने वाले यातायात पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जयपुर पुलिस द्वारा विशेष पहल की गई है। पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय विशेष मेडिकल कैंप का गुरुवार को समापन हुआ।

यादगार स्थित सभागार भवन में आयोजित इस शिविर में जवानों के हृदय स्वास्थ्य और जीवन शैली से जुड़ी जांचें की गईं। पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल के अनुसार दाना शिवम हृदय एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और पुलिस लाइन अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में यह शिविर 21 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान 231 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इसमें मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर बीपी, शुगर और ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें नि:शुल्क की गईं। शिविर के अंतिम दिन एक विशेष हेल्थ सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें दाना शिवम हॉस्पिटल की टीम ने जवानों को बुनियादी जीवन रक्षक प्रणाली बीएलएस की जानकारी दी। आपात स्थिति में किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए सीपीआर देने की बेसिक तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सुनील गर्सा ने जवानों के साथ संवाद करते हुए बताया कि भागदौड़ भरी ड्यूटी के बीच स्वस्थ हृदय के लिए संतुलित आहार और नियमित शारीरिक व्यायाम कितना अनिवार्य है। सेमिनार के दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात प्रोटोकॉल भोपाल सिंह भाटी, पुलिस लाइन से डॉ. गिर्राज शर्मा और पुलिस निरीक्षक यातायात प्रशासन प्रवीण कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जवानों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रोत्साहित किया।



## केवी स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केंद्रीय विद्यालय स्कूल में प्रथम कक्षा के बच्चों का प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उम्मेद अली ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम के नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर एवं स्वागत गान के द्वारा स्वागत किया गया। संगीत शिक्षिका डॉ डॉली भारती के निर्देशन में विद्यालय के बच्चों ने रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उम्मेद अली ने अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों की शिक्षा में अध्यापक और अभिभावकों दोनों को बराबर की भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार वर्मा ने अभिभावकों को स्कूल ड्रेस, फीस, नियमित उपस्थिति, पुस्तकों, परीक्षा प्रणाली, अनुशासन एवं विद्याप्रवेश कार्यक्रम इत्यादि के बारे में जानकारी दी। संचालन आरती कुमारी ने किया। इस मौके पर कृष्ण कुमावत, ललिता मीणा, प्रकाश सोनी सहित स्कूल स्टॉफ, बच्चें एवं अभिभावक मौजूद थे।

## एनर्जी क्रिकेट लीग का तीसरा मुकाबला खेतड़ी खंड ने सात विकेट से जीता

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही छह दिवसीय एनर्जी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के तीसरे दिन गुरूवार को खेतड़ी खंड व खेतड़ी नगर के बीच खेला गया। तीसरे दिन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एक्सईएन मोहनाला स्वामी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केसीसी प्रोजेक्ट ओफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष सवाईसिंह सिराधना, सचिव राजवीर सिंह मौजूद थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय कर प्रतियोगिता का प्रारंभ करवाई। संजीव गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता का तीसरा मुकबला गुरूवार को खेतड़ी खंड व खेतड़ी नगर के बीच खेला गया। खेतड़ी नगर ने पहले बलेबाजी करते हुए 15 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाएं जवाब में खेतड़ी खंड ने 8.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हंसराज ने 13 गेंदों में 36 रन बनाकर नॉट आउट रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। खेतड़ी खंड ने सात विकेट से मैच जीत लिया। खेतड़ी खंड के राकेश ने 31 रन बनाएं वही दो विकेट लेने पर मैन ऑफ दा मैच चुना गया। प्रतियोगिता का चौथा मुकाबला शुक्रवार को प्रसारण निगम व बुहाना के बीच खेला जाएंगा।

## केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान शुक्रवार को सालासर में

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान शुक्रवार, 24 अप्रैल को सालासर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री पासवान शुक्रवार, 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे खाटूश्यामजी से प्रस्थान कर दोपहर 02 बजे सालासर आएंगे तथा बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर सायं 03 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मंगलम गऊ मात मंगलम के साथ रवाना हुआ गौ ग्रास सेवा रथ



निसं

**बुगाला नवयत्न )।** पं गणेश नारायण बावलिया बाबा मंदिर में गुरुवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गौ ग्रास सेवा रथ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और गोभक्तों की उपस्थिति में धार्मिक माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में पुजारी गोपालदास ने बाबा के दरबार में विशेष पूजा की। जिसके बाद सेवा रथ को गऊ मंगलम गऊ मात मंगलम की धुन के साथ रवाना किया गया। गौ ग्रास सेवा रथ का उद्देश्य क्षेत्र के घर-घर से गौ सामग्री को गोशाला में गायों के लिए नियमित रूप से पहुंचाना है। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गौ सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर विजयपाल सिंह शेखावत, सुभाष तुलस्यान, शौकत अली, कपिल कुमावत, महीपाल बुगालिया सहित अनेक ग्रामीण व गोभक्त मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गौ सेवा के लिए निरंतर सहयोग का संकल्प लिया।

## भामाशाह सौंथलिया ने विद्यार्थियों को दिया स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संदेश



**बुगाला ( नवयत्न )।** भामाशाह श्यामसुंदर सौंथलिया ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व महात्मा गांधी विद्यालय जाखल के विद्यार्थियों को पतंजलि द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद पेस्ट, ब्रश, बिस्कुट व पेन प्रदान कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश में निर्मित उत्पाद से हम आत्मनिर्भर बनेंगे वही देश की जनता को रोजगार भी मिलेगा। देश का पैसा देश में ही रहेगा। उन्होंने आगामी वर्षा के समय अधिकाधिक पेड़ लगाने का संदेश भी दिया। भामाशाह सौथलिया अब तक हजारों पौधे लगा चुके हैं। उनकी धर्मपत्नी शकुंतला देवी, बेटी व दामाद पूनम राजेंद्र धानुका व उर्मिला देवी भी साथ थे। शिक्षक सुनील कुमार, शीशराम, प्रीतिका, पूनम झाझडिया, राजेश मूंड, रोहिताश कुमार, महेश यादव आदि ने साफा पहनाकर भामाशाह परिवार का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य राजपाल गोदारा व सुरेंद्र पारीक ने इस पहल की प्रशंसा कर आभार व्यक्त किया।

### आम सूचना

मेरे अभिभाष्य जुबेर पुत्र उस्मान गन्नी खत्री निवासी मण्डावा हाल आबाद खार, मुम्बई (महाराष्ट्र) की हस्बो हिदायतानुसार हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि कस्बा मण्डावा के ढिगाल तिराहे के पास, भूमि खसरा नम्बर 476 कुल रकबा 7 बीघा 8 बीघा भूमि मे से 3329 वर्गगज भूमि (0.2783 हैक्टर) पर होटल संचालित है। जिसे होटल 'रथ मण्डावा' के नाम से जाना जाता है। उक्त सम्पति का मालिकाना हक 'मैसर्स नाईस इन्फ्रास्ट्रक्चर लोनावाला' के नाम से है और 'मै. नाईस इन्फ्रास्ट्रक्चर लोनावाला' की स्वामित्व की भागेदारी / हिस्सेदारी निम्न प्रकार है (1) फारूख 30 प्रतिशत (2) जूबेर 26 प्रतिशत (3) रियाज 22 प्रतिशत तथा (4) रिजवान 22 प्रतिशत है। मेरे अभिभाष्य को ज्ञात हुआ की कुछ भू-माफिया लोग उक्त सम्पति का एक ही हिस्सेदार से विक्रय पत्र बनाकर सम्पति पर कब्जा करना चाहते है। मेरे अभिभाष्य की भी उक्त सम्पति में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अगर कोई व्यक्ति / संस्था मेरे अभिभाष्य की सहमति के बिना कोई किसी प्रकार का लेन-देन, हस्तान्तरण/अंतरण, विक्रय, दान या इकरारनामा किसी एक ही व्यक्ति से करता है, तो वह संव्यवहार एक शून्य व अवैध संव्यवहार होगा। मेरा अभिभाष्य अपनी उक्त पैतृक सम्पति को बेचने का इच्छुक नही है। बावजूद सूचना अगर कोई व्यक्ति/ संस्था क्रय/इकरार करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगे।

**-राजकुमार सैनी एडवोकेट, मो.नं. 9001207200**

### आम सूचना

मेरे मुवकिल रघुवीर सिंह पुत्र रिछपाल, जाति जाट निवासी सेडू की ढाणी, तहसील सूरजगढ जिला झुन्झुनू राजस्थान की सहमति से एवं इनकी हिदायतानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवकिल का पुत्र रजनीश मेरे मुवकिल के कहे, सुने व प्रभाव में नहीं है तथा किसी अन्य लड़की के साथ में लिव एण्ड रिलेशनशीप में रह रहा है तथा आवारा व बदमाश प्रवृति के व्यक्तियों के साथ व्यवहार रखता है इसलिये मेरे मुवकिल ने अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। मेरे मुवकिल के पुत्र के साथ कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का लेन देन या किसी प्रकार का व्यवहार करता है तो मेरे मुवकिल की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-हवासिंह चौहान एडवोकेट, सूरजगढ़**

# अस्तित्व बचाने को जुटे लोग, दिल्ली तक पहुंची गूंज, चिमनी बचाओ अभियान : सांसद ओला ने केंद्रीय खान मंत्री को भेजी चिट्ठी

निसं

**सींघाना नवयत्न )।** राजस्थान के श्तांबा नगरश् के नाम से विख्यात खेतड़ी की पहचान अब खतरे में है। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की ऐतिहासिक 114 मीटर ऊंची स्मेल्टर चिमनी को ढहाने के प्रस्ताव के खिलाफ समूचा क्षेत्र लामबंद हो गया है। श्चिमनी बचाओ अभियान के तहत अब यह लड़ाई गलियों से निकलकर सत्ता के गलियारों तक पहुंच गई है। क्षेत्र की जनभावनाओं को देखते हुए झुंझुनू सांसद बृजेन्द्र ओला ने मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने केंद्रीय खान मंत्री को पत्र लिखकर इस चिमनी को ढहाने पर रोक लगाने और इसे औद्योगिक धरोहर घोषित करने की पुरजोर पैरवी की है।

### गौरवशाली अतीत की अंतिम निशानी

वर्ष 1967 में जब देश तांबा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने का सपना देख रहा था, तब खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स की नींव रखी गई थी। 1970 के दशक में बनी यह विशालकाय चिमनी दशकों तक क्षेत्र की आर्थिक उन्नति का केंद्र रही।

आज जब कॉम्प्लेक्स की कई इकाइयां बंद हो चुकी हैं और श्मिनी चंडीगढ़ कही जाने वाली टाउनशिप वीरानी की ओर है, तब यह चिमनी यहाँ के गौरवशाली इतिहास की आखिरी गवाह बनकर खड़ी है।

### प्रतिनिधिमंडल ने जताया विरोध

खेतड़ी प्रधान मनीषा गुर्जर के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सांसद ओला को ज्ञापन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। प्रधान ने कहा कि यह केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र की सामूहिक स्मृतियों का हिस्सा है। इसे तोड़ना इतिहास को मिटाने जैसा होगा।

### एक्सपर्ट व्यू : पर्यटन से संवर सकती है सूरत

अभियान से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार इसे संरक्षित कर इंडस्ट्रियल टूरिज्म के रूप में विकसित करे, तो यह क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार का नया जरिया बन सकता है।

### आंदोलन की मुख्य बातें :

**ऐतिहासिक महत्व :** 114 मीटर ऊंची यह चिमनी दशकों तक एशिया के बड़े स्मेल्टरों में शुमार थी। सांसद की पहलरू बृजेन्द्र ओला ने केंद्र सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया है। जनभावना : ग्रामीणों का कहना है कि विरासत को नष्ट करने के बजाय उसका जीर्णोद्धार किया जाए।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान चिमनी बचाओ अभियान के संयोजक रमेश पांडे,



नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डी पी सैनी, एससी प्रकोष्ठ बुहाना अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया, प्रभारी चुनीलाल चनेजा, बिलवा सरपंच शंकर बिलवा, रणजीत, राजू, विक्रम, विजय सहित भारी संख्या में प्रबुद्धजन और युवा मौजूद रहे।

# लाडनूं में अमृतम भवन का भव्य लोकार्पण

## अनुदान दाता बोकड़िया दंपती का हुआ अभिनंदन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** अमृतम ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी सुशीला बोकड़िया व उम्मेदसिंह बोकड़िया के सौजन्य से नवनिर्मित अमृतम भवन का तेरापंथ के अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में गुरुवार को लोकार्पण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री महाश्रमण ने कहा कि धर्मसंघ की शासन माता साध्वी प्रमुखा कनक प्रभाजी की भावना थी। कि लाडनूं में योगक्षेम वर्ष का आयोजन हो तथा महिलाएं धर्मसंघ के कार्यों और गतिविधियों में उत्साह पूर्वक सहभागी बनें। आज उनकी भावना मूर्त रूप में परिणत हो रही है। इस भवन का योगक्षेम वर्ष के उद्देश्यों की संपूर्ति में उपयोग हो सके, तो इसके निर्माण की सार्थकता होगी। आचार्य श्री ने सभा में उपस्थित जनों को आशीर्वाद देते हुए मंगलपाठ सुनाया। सभा में अमृतम ट्रस्ट द्वारा भवन निर्माता सुशीला-उमेदसिंह बोकड़िया और प्रकल्प के सूत्रधार प्रदीप कुंडलिया का अभिनंदन किया गया। अभिनंदन पत्रों का वाचन आरती कठोतिया व पुष्पा बैद द्वारा किया गया। अमृतम ट्रस्ट की अध्यक्षा शोभा दूगड़, अनुदानदात्री सुशीला बोकड़िया आदि ने अपने भावों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन सुनीता बैद ने किया। सुमन गोलछा ने आभार ज्ञापित किया। साध्वी प्रमुखाश्री ने इस भवन के निर्माण को लोकहित का महत्वपूर्ण कार्य बताया। कार्यक्रम में अमृतम ट्रस्ट के ट्रस्टियों सहित कन्हैयालाल पटावरी, जयंती लाल सुराना, अमरचंद लूंकड़, राजेश दूगड़, प्रो. बच्छराज दूगड़, प्रमोद बैद, निर्मल कोटेचा, प्रकाश बैद, राकेश कोचर, आलोक खटेड़, राजेंद्र खटेड़, आरती कठौतिया, प्रीति घोसल, कमला कठोतिया, शांतिलाल खटेड़, सुरेश मोदी, समता बोकड़िया, रेणु कोचर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिजली विभाग के कर्मचारियों ने निजीकरण का किया विरोध



निसं

**खेतड़ी नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के बिजली विभाग के एईएन कार्यालय के सामने कर्मचारियों ने विभाग में हो रहे निजीकरण को लेकर विरोध जताया है। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने एईएन को ज्ञापन देकर 10 जून तक मांगें नहीं माने जाने पर जयपुर में प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया है। बिजली कर्मचारियों ने एईएन बृजपाल सिंह को दिए ज्ञापन में कहा कि राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के आवाहन पर विद्युत निगमों में किए जा रहे निजीकरण के विरोध में सहायक अभियंता खेतड़ी टाउन के माध्यम से शासन सचिव आरती डोगरा के नाम ज्ञापन दिया है। जिलाअध्यक्ष सुभाष चंद चेजारा ने बताया कि यदि शीघ्र ही विद्युत निगमों में अलग-अलग नाम से किया जा रहे निजीकरण को नहीं रोका जाता है एवं विद्युत कर्मचारियों की जायज मांगों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो संगठन द्वारा दिनांक 6 मई को जिला स्तर पर, 20 मई को निगम स्तर पर डिस्कोम मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यदि इसके पश्चात भी विद्युत प्रशासन द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ दिनांक 10 जून को विद्युत भवन जयपुर पर धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग में निजीकरण कर कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों द्वारा पिछले काफी समय से आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन विभाग कर्मचारियों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द मामले में गंभीरता नहीं दिखाई तो कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर उप शाखा अध्यक्ष रमेश कुमार सैनी, प्रदीप कुमार, आनंद स्वरूप सैनी, मनफूल योगी, दीपक मेहता, हेमराज सैनी, राजेंद्र कुमार सैनी, देविका यादव, मंजू मीणा, इंद्रपाल यादव, महेश वर्मा, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार जांगिड़, प्रभुदयाल कुमावत, वेद प्रकाश आदि सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेहाडा पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नवयत्न )।** मेहाड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिस ने 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था, जिसे पुलिस ने कोटपूतली में उसके संभावित ठिकाने से दबोच लिया। थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया ने बताया कि 21 जूलाई 25 को बिस्सा नालपुर निवासी कवरलाल ने पर्चा बयान किया कि उनका चाचा ताउ के लडको से जमीन विवाद होकर पहले भी एक बार मुझे धमकी दी थी कल दिनांक 20 जूलाई को रात करीब दस बजे वह पत्नी नीशु देवी व बच्चे सभी गेट बन्द कर खाना खाने की तैयारी कर रहे थे तभी रात को घर की दीवार कुदकर विकाश, जलेसिह, विजेन्द्र, रामचन्द्र, मोनिका जोगी, शक्ति, दीपक सभी हाथो मे डन्डे व रामचन्द्र के हाथ कुल्हाडा था और आते ही सभी ने गेट व जगलो पर डण्डे मारकर दरवाजे तोड़ दिए। मकान के अन्दर आकर जान से मारने की नियत से उसके व उसकी पत्नी पर लाठी डण्डा से हमला कर दिया जिससे मेरे शरीर पर जगह जगह चोटे आई। मारपीट करने के बाद खुद ही मरा समझ कर छोडकर गये थे। मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपियों की तलाश में सीआई राममनोहर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा मुल्जिम की तलाश के भरसक प्रयास किये गये व आरोपीगणों का लगातार सूचना तकनीकी के माध्यम से तलाश नारनौल, नांगल चौधरी, बहरोड़, कोटपूतली शहर पहुचें, जहां पर दबिश देकर पुलिस ने कांथली पाटन निवासी आरोपी शक्तिमान उर्फ शक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पर पाटन थाने में एक मामला पहले से दर्ज है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राममनोहर, एएसआई भीमसिंह, एचसी अमरसिंह, कांस्टेबल महेन्द्र आदि शामिल थे।

# सात भाजपा कार्यालयों का उद्घाटन करेंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन : मदन राठौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 27 अप्रैल, सोमवार को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार राजस्थान आ रहे नितिन नवीन प्रदेश के 7 नए जिला कार्यालयों का उद्घाटन करेंगे, जालोर भाजपा कार्यालय का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन टोंक जाएंगे, जहां वे टोंक भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही अन्य जिला कार्यालयों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि नितिन नवीन जयपुर पहुंचने के बाद टोंक जाएंगे, जहां टोंक भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद आमजन और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी भाजपा कार्यालयों में किया जाएगा। इसके पश्चात वे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जयपुर एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक भी शामिल होंगे। इस दौरान वे भाजपा कोर कमेटी की बैठक भी लेंगे और संगठन विस्तार को लेकर मार्गदर्शन देंगे।




# गहलोत-पायलट की तस्वीरों पर राठौड़ ने कहा दिखावे की एकता से नहीं छिपेंगे मतभेद

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट की हालिया तस्वीरों को लेकर तीखा हमला बोला है। राठौड़ ने कहा कि सार्वजनिक रूप से साथ आकर तस्वीरें खिंचवाना कांग्रेस नेताओं की वास्तविक एकजुटता नहीं, बल्कि उनके अंदरूनी मतभेदों को छिपाने की कोशिश है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि श्बार-बार फोटो के जरिए एकता दिखाने की कोशिश यह बताती है कि हकीकत में सब कुछ ठीक नहीं है। दिखावे की यह एकजुटता उनके आपसी मतभेदों को और



उजागर कर रही है। राठौड़ ने अशोक गहलोत के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पहली बार राहुल गांधी ने एसटीए एससी और ओबीसी वर्गों के मुद्दों पर बात की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि यह बयान कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़ा करता है। उन्होंने पूछा कि क्या इसका अर्थ यह है कि इससे पहले इन वर्गों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। रिफाइनरी से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर बोलते हुए राठौड़ ने विपक्ष को संयम बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद सभी तथ्य सामने आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्दूध का दूध और पानी का पानी होने तक विपक्ष को धैर्य रखना चाहिए और इस मुद्दे पर अनावश्यक राजनीति से बचना चाहिए।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे



**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के पार्क, पार्किंग एरियर में परिडें बांधे गये जिससे इस समय की भीषण गर्मी में बेजूबा पक्षियों को पानी उपलब्ध हो सके। इस कार्यक्रम का उद्देष्य जैव विविधता संरक्षण व आगामी समय में होने वाली भीषण गर्मी में पक्षियां के लिए पानी की व्यवस्था करना है। इस अभियान को प्रारम्भ किया गया तथा सभी स्वयंसेवकों ने परिडों में पानी भरने की शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. हंसराज परिहार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छगन दान व प्रो. अन्नु महला तथा स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त के साथ नशा कारोबारी को किया गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत मौखमपुरा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक नशा कारोबारी को सवा किलो के करीब अवैध डोडा पोस्त चूरा के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज द्वारा ड्रग्स तस्करों और सप्लायरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले भर में सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर मौखमपुरा थाना क्षेत्र में नाकाबंदी की गई थी। नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगाए जिसे टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास मौजूद प्लास्टिक की थैली में 01 किलो 189 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा पाया गया। वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी अचलाराम 28 निवासी सडा झुंड बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया है। जो मौखमपुरा के नासनोदा स्थित एक निजी होटल में काम कर रहा था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह खेप कहां से लाया था और इलाके में किन.किन लोगों को इसकी सप्लाई करने वाला था। इस कार्रवाई को अंजाम देने में मौखमपुरा थानाधिकारी सुरेश कुमार, डीएसटी प्रभारी सुहेल खान, सउनि सुन्दर लाल और कांस्टेबल विजय कुमार, मनमोहन व सुरेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, सवा करोड़ की लागत से ठाकुर जी मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार किया

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बंडवा में करीब सवा सौ वर्ष पुराने ठाकुर जी मंदिर का सवा करोड़ रुपये की लागत से भव्य जीर्णोद्धार किया गया। ग्रामवासियों ने तन, मन और धन से सहयोग कर मंदिर को नया और आकर्षक स्वरूप दिया।

गुरुवार को आचार्य पंडितों के सानिध्य में ठाकुर जी महाराज को विधि.विधान से मंदिर में विराजित किया गया तथा मंदिर परिसर में शिव दरबार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। यह धार्मिक आयोजन गुरुवार दोपहर 12:15 बजे आचार्य पंडितों के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, संत मोहननाथ महाराज, पूर्व प्रधान सरदारशहर भीकम सिंह राठौड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कल्याण सिंह शेखावत, मदन सिंह निर्वाण, बिनादेसर सरपंच प्रतिनिधि तुलसीराम शर्मा, समाजसेवी दामोदर शर्मा छापर व



नत्थु सिंह मील सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करणी सिंह शेखावत ने की। कार्यक्रम से पूर्व मंदिर परिसर में 10 दिनों तक सात पंडितों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान आयोजित भव्य भजन संध्या में रामनिवास मारवाड़ी व स्थानीय कलाकारों ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। राधा कृष्ण एवं शिव भक्त सेवा संस्थान, बंडवा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का साफा, माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि छोटे से गांव में इतना भव्य मंदिर बनना ग्रामवासियों की आस्था और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धर्म के कार्यों में लगाया गया धन कभी व्यर्थ नहीं जाता, बल्कि परिवार में सुख-शांति और समृद्धि लाता है।

ग्रामवासियों की मांग पर विधायक ने मंदिर परिसर के सामने कुआँ का सौंदर्यकरण कार्य विधायक कोटे से करवाने की घोषणा की और कहा कि प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें, तुरंत स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही उन्होंने पेयजल सुविधा के लिए ट्यूबवेल निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया है।

विधायक ने राजलदेसर से बंडवा सड़क निर्माण को लेकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए जल्द कार्य शुरू कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने 50 लाख रुपये की लागत से बने चिकित्सा भवन के शीघ्र उद्घाटन का आश्वासन दिया तथा राजकीय विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या को शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान संत मोहननाथ महाराज, भीकम सिंह राठौड़ व कल्याण सिंह शेखावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व विधायक अनिल शर्मा व उनकी टीम ने मंदिर में ठाकुर जी महाराज व शिव दरबार की पूजा-अर्चना कर देश में सुख-समृद्धि की कामना की। उपस्थित श्रद्धालुगणों को प्रसाद वितरण किया गया ।

इस अवसर पर पुजारी कन्हैयालाल दाधीच, गिरधारी लाल, बनवारी लाल, बंशीधर दाधीच सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भवानी सिंह गोलसर एवं कृष्ण गोपाल शर्मा ने किया।

# भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू विश्व पृथ्वी दिवस पर लगाए परिंडे पक्षियों के लिए पानी की महत्ती आवश्यकता-शर्मा



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** परिंडे लगाकर करें संधारण. न्योला झुंझुनू 23अप्रैल, राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू एवं राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझनू के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा जिला मुख्य आयुक्त स्काउट एवं सुरेन्द्र कुमार न्योला प्राचार्य राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझनू के आतिथ्य में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि मोरारका राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग, भूगोल विभाग, भारत स्काउट गाइड, इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू चौधरी के नेतृत्व में महाविद्यालय में पृथ्वी संरक्षण से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसको अतिथियों द्वारा देखकर सराहना की गई। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में परिंडे लगाकर जिले भर में परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने स्काउट गाइड संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए महाविद्यालय छात्र-छात्राओं को इस मुहिम में जोड़ने पर उच्च शिक्षा विभाग एवं स्काउट गाइड का आभार जताया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र न्योला ने कहा कि चिलचिलाती धूप में पक्षियों के लिए परिंडे लगाना महती आवश्यकता है और उनकी सार संभल समय-समय पर की जानी बहुत जरूरी है। हमें पृथ्वी संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। इस दौरान महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा सीड बॉल बनाकर बरसात में इसके द्वारा पौधारोपण का प्रण लिया। इस अवसर पर प्रोफेसर संगीता, प्रोफेसर मानसिंह, प्रोफेसर संजीव कुमार, प्रोफेसर रमेश कुमार, प्रोफेसर पुरुषोत्तम एवं स्काउट गाइड संगठन से जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश डिग्रवाल, राष्ट्रपति स्काउट उमेश रोहिल्ला, वरिष्ठ स्काउट मास्टर रामदेव सिंह गढ़वाल, सहायक सचिव माननगर विजय गर्वा, रेंजर मनीषा, अमरचंद, सुरेंद्र कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### पौधे लगा कर दिया पृथ्वी संरक्षण का संदेश

इस अवसर पर वनस्पति शास्त्र विभाग की प्रोफेसर मंजू चौधरी के नेतृत्व में अतिथियों ने बोटैनिकल गार्डन में पौधारोपण कर पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया।

# आधुनिक तकनीक का कमाल : बिना सर्जरी सफल पेसमेकर प्रत्यारोपण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर स्थित मणिपाल हॉस्पिटल में एक जटिल और दुर्लभ प्रक्रिया के तहत झुंझुनू निवासी मरीज जगदीश के हृदय में लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया गया। यह ऑपरेशन वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मरीज का चिकित्सा इतिहास बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। वह पिछले करीब 10 वर्षों से हार्ट ब्लॉकेज की समस्या से ग्रसित थे, जिसके चलते उन्हें चक्कर आना और बेहोशी की स्थिति का सामना करना पड़ता था। उपचार के रूप में वर्ष 2017 और 2024 में पारंपरिक पेसमेकर लगाए गए थे, लेकिन समय के साथ दोनों पेसमेकर काम करना बंद कर चुके थे। ऐसी स्थिति में तीसरी बार पारंपरिक पेसमेकर लगाना जोखिम भरा था। इसी जटिलता को देखते हुए चिकित्सकों ने अत्याधुनिक तकनीक अपनाते हुए लीडलेस पेसमेकर लगाने का निर्णय लिया। डॉ. हिमांशु गुप्ता ने बिना चीरा लगा, पैर की नस के माध्यम से यह पेसमेकर सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और उन्हें दो दिन बाद अस्पताल से छुट्टी



दे दी गई। इस तकनीक में किसी प्रकार का चीरा नहीं लगता, जिससे संक्रमण का खतरा कम होता है। रिकवरी तेज होती है और डिवाइस सीधे हृदय में लगाए जाने से इसकी कार्यक्षमता बेहतर रहती है। इसमें तार लीड नहीं होते, जिससे भविष्य में जटिलताओं की संभावना भी कम रहती है। आकार में छोटा होने के कारण यह शरीर के भीतर आसानी से काम करता है और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। डॉ. हिमांशु गुप्ता ने बताया कि लीडलेस पेसमेकर तकनीक हार्ट ब्लॉक के मरीजों के लिए सुरक्षित और प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रही है, खासकर उन मरीजों के लिए जिनके पारंपरिक पेसमेकर काम करना बंद कर चुके हों। अस्पताल के डायरेक्टर रंजन ठाकुर ने कहा कि यह सफलता आधुनिक चिकित्सा तकनीक और विशेषज्ञता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे जटिल मामलों में भी मरीजों को बेहतर उपचार संभव हो पा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190